RNI No. 58061/93 ▪ वर्ष - 21 ▪ अंक - 248 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » बुधवार » 08-04-2026 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित


|| वंदे श्री ऋषभं वीरं ||

SEVA · KNOWLEDGE · ECONOMIC EMPOWERMENT · JITO

## JAIN INTERNATIONAL TRADE ORGANISATION

JITO BENGALURU NORTH | JITO BENGALURU SOUTH

**जैन धर्म ने दिया विश्व को, अनुपम एक उपहार है।**
**आओ मिलकर जाप करे, ये महामंत्र नवकार है।**

ONE WORLD, ONE CHANT
TOGETHER FOR PEACE

**सिर्फ मंत्र नहीं ये, कर्मों का क्षय करने का उपचार है।**
**आओ मिलकर जाप करें ये महामंत्र नवकार है।**

**9 APRIL '26**

**THURSDAY**
6:45 AM to 9:30 AM


MAIN VENUE: **FREEDOM PARK**
Multi-level Parking Area
GANDHINAGAR, BENGALURU. (Free Parking)

* सामायिक की व्यवस्था रखी गई है।
* अल्पाहार की व्यवस्था कार्यक्रम के पश्चात्

# विश्व नवकार महामंत्र दिवस

SCAN TO REGISTER

विशेष आकर्षण


श्री पारस गड़ा
नेमरस

श्री जैनम वारिया
तारा मस्त गुलाबी....

श्री स्मीतभाई कोठारी
युथ आईकॉन, एंकर

ड्रेसकोड़:
पुरुषवर्ग सफेद वस्त्र
एवं महिलाएं लाल चुनडी
में पधारें।



**SHRI AMIT SHAH**
**Home Minister of India**
**will address from Vigyan Bhawan, New Delhi**

# विश्व कल्याण के लिए जुड़ें, नवकार महामंत्र का जाप करें

भारत सहित जुड़ेंगे **108 देशों के** लाखों लोग | **100+** मेगा इवेंट्स | **6000+** देरासर / उपाश्रय / स्थानक / तेरापंथ से सीधा प्रसारण

**-::::: फ्रीडम् पार्क में निश्रादाता गुरु भगवंत :::::-**

प.पू. लोकेश मुनिजी म.सा., प.पू.मु.श्री मलयप्रभसागरजी म.सा.

**-::::: विभिन्न जाप स्थानों पर निश्रादाता गुरु भगवंत :::::-**

प.पू. आचार्य श्री अमरसेनसूरीश्वरजी म.सा., प.पू. आचार्य श्री चन्द्रयशसूरीश्वरजी म.सा., प.पू. आचार्य श्री हेमेन्द्रसूरीश्वरजी म.सा., प.पू. जयगच्छाधिपति आ.प्र. श्री पार्श्वचन्द्रजी म.सा., प.पू. आचार्य श्री अरिहंतसागरसूरीश्वरजी म.सा., प.पू. आचार्य श्री अजीतसेनसूरीश्वरजी म.सा., प.पू. पंडित रत्न श्री ज्ञानमुनिजी म.सा., प.पू. श्री विनयमुनिजी म.सा. खींचन, प.पू. पन्यास प्रवर श्री परमयशविजयजी म.सा., प.पू. गणिवर्य मनीषप्रभसागरजी म.सा., प.पू. डॉ. पुलकितकुमारजी म.सा., प.पू. श्री अभिजीतमुनिजी म.सा, प.पू. श्री विदेहमुनिजी म.सा., प.पू. उपप्रवर्तिनी श्री सत्यप्रभाश्रीजी म.सा., प.पू. उज्जवलज्योतिश्रीजी म.सा., शासन दिपीका पू. श्री अर्चनाश्रीजी म.सा., प.पू. श्री मयूरयशाश्रीजी म.सा., प.पू. श्री सुप्रभाश्रीजी म.सा., प.पू. निधिपूर्णाश्रीजी म.सा., प.पू. श्री प्रशमप्रभाजी म.सा., प.पू. श्री मुक्तिप्रज्ञाश्रीजी म.सा., प.पू. श्री पुनितज्योतिजी म.सा., प.पू. श्री गुरुआज्ञानिधिश्रीजी म.सा., प.पू. श्री मनीषाश्रीजी म.सा., प.पू. श्री ऋद्धिश्रीजी म.सा., प.पू. श्री भाविताजी म.सा., प.पू. श्री पुण्यवतीश्रीजी म.सा, प.पू. निसंगवर्धनाश्रीजी म.सा., प.पू. श्री स्वागतश्रीजी म.सा., जैन समणी डॉ. सुयशनिधिजी

**बेंगलोर में विराजित समस्त आचार्य भगवंत, साधुजी एवं साध्वीजी भगवंत को कोटिश: वंदन करते हुए निवेदन करते है कि नवकार महामंत्र दिवस में विभिन्न स्थलों पर आयोजित नवकार महामंत्र जाप में आपकी पावन निश्रा प्रदान कर हमें आर्शीवाद प्रदान करें।**

**सकल श्री संघ से नम्र निवेदन है कि गुरुवार दि. 9 अप्रैल 2026 को बैंगलोर के समस्त आराधना भवन, उपाश्रय, स्थानक, तेरापंथ सभाभवन एवं दिगंबर मंदिरजी में सुबह 8-00 बजे से 9-30 बजे तक**
**विश्व नवकार महामंत्र जाप**
**आयोजन हेतु सहभागी बनें।**

**सकल संघ व समाज से निवेदन है कि इस आयोजन में भाग लेकर वैश्विक शांति, करुणा और एकता के लिए नवकार महामंत्र जाप करें और इस ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक जागरण का हिस्सा बनें।**

## OTHER VENUES:

Shri Adinath Jain Shwetamber Mandir, Chickpet
Shri Sambhavnath Shwetambar Jain Mandir, V V Puram,
Shri Mahaveer Swamy Shwetambar Jain Mandir, Chamarajpet
Shri Dharmanath Shwetambar Jain Mandir, 4th Block, Jayanagar
Shri Kunthunath Shwetambar Jain Mandir, Srinagar
Shri Vimalnath Jain Mandir (Jin Kushal Dadawadi), Basavanagudi
Shri Vardhman Sthanakvasi Jain Shravak Sangh,Hanumanthnagar
Shri Vardhman Sthanakvasi Jain Sangh, Jayanagar Sthanak
Shri Vardhman Sthanakvasi Jain Sangh, Thyagarajanagar
Shri Vardhman Sthanakvasi Jain Sangh, Chamarajpet Sthanak
Shri Vardhman Sthanakvasi Jain Sangh, Wilson Garden Sthanak
Shri Mahaveer Swamy Jain Mandir, Thyagarajanagar
Shri Gunavardhak Shwetambar Jain Sangh , Basavanagudi
Shri Kesariyaji Adinath Jain Swetambar Sangh , Shankarpuram
Karnataka Jain Bhavan Mandir, KR Road

Shri Gyanoday Digambar Jain Temple, Whitefield
Sgri Shantinath Digambar Jain Mandir, Jayanagar
Shri Digambar Jain Chaityalay, Begur
Shri Parshwa Sushil Dham Jain Mandir,Attibele
Shri Sheetalnath Digambar Jain Basadi, Puttenahalli
Shri Shwetambar Jain Temple,Bilekahalli /BTM Layout
Shri Sambhavnath Jain Trust, Mysore Road (V2)
Shri Sacha Sumatinath Jain Sangh,2nd Block, Jayanagar
Shri Khandelwal Digambar Jain Mandir, Wilson Garden
Shri Digambar Jain Mandir,Electronics City
Shri Digambar Jain Mandir, Hennur Road
Shri Mahaveer Jain Mandir,HAL, Vimanapura
Shri Digambar Jain Mandir, Yelhanka
Shri Vasupujya Swamy Jain Mandir,Adugodi
Shri Jain Shwetambar Terapanthi Sabha, RR Nagar
Shri Sumatinath Bhagwan Jain Shwetamber Mandir, RR Nagar
Shri Jain Shwetambar Terapanth Sabha Bhavan, Hanumanthnagar
Shri Vardhman Sthanakvasi Jain Sangh Bangalore Central, Jain College, VVpuram
Shri Simandhar Swami Shwetambar Jain Temple, VV Puram

Shri Guru Jyesht Pushkar Aradhana Kendra Nutan Bhavan Near Eta, Binny Mill Road
Shri Vardhman Sthanakvasi Jain Shravak Sangh, Srirampuram
Shri Akhil Bhartiya Shri Jain Shwetambar Murtipujak Yuvak Mahasangh, Bangalore
Shri Vasupujya Muniswarat Jain Shwetamber Sangh,Madhavanagar
Shri Shvetambar Sthanakvasi Shravak Sangh, Ulsoor(Mahaveer Bhavan)
Shri Sakal Jain Sangh, Yeshwanthpur (Mewad Bhavan)
Shri Vardhaman Shvetamber Sthanakvasi Jain Shravak Sangh, Shantinagar (Lunawat Bhavan)
Shri Sadhumargi Jain Sangh, (Samata Bhavan) Vijayanagar
Shri Jain Shvetambar Terapanth Sabha, Rajarajeshwari Nagar
Shri Heera Bagh Jain Sthanak, Seppings Road
Shri Chandraprabhu Murtipujak Sangh, Osborne Road
Shri Munisuvrat Swami Murtipujak Sangh, OPH Road
Shri Nakoda Parshvanath Jain Shvetambar Temple Trust, Khivesara Bhavan Rajajinagar
Sri Bhagwan Mahaveer Jain Hospital, Vasantnagar

Shri Karnataka Swadhyay Sangh, (Gyan Shala) - Rajajinagar, Thyagarajanagar, Shantinagar, Jayanagar, Vijayanagar, Malleswaram, Eta, Sanjaynagar, Yeshwanthpur, Chamrajpet, Hanumanthnagar, Shoolay, Parkwest, Fraser Town, Doddaballapura, Ulsoor, Srirampuram
Shri Vardhaman Sthanakvasi Jain Sangh, Udayanagar Sthanak
Shri Vardhaman Shwetamber Sthanakvasi Jain Shravak Sangh, Sriramapuram
Shri Vardhaman Shwetamber Sthanakvasi Bavish Sampradaya Jain Sangh Trust, Ganesh Bagh
Shri Vardhaman Shwetamber Sthanakvasi Jain Sangh, Malleshwaram Sthanak
Shri S.S. Jain Sangh, Yelagundapalya Sthanak
Shri S.S. Jain Sangh, Doddaballapura Sthanak
Shri Jain Yuvak Mandal, KGF
Dhokha Nivas, Hoskote
Shri Jain ShwetamberTerapanth Sabha Bhavan, Vijayanagar
Shri Vasupujya Munisuvrat Swami Jain Shwetamber Murtipujak Sangh, Madhavnagar
Shri Vasupujya Munisuvrat Swami Kumarapark Jain Sangh
Shri Bidadi Jain Sangh, Bidadi
Shri S.S. Jain Sangh Trust, Ashok Nagar, Shoolay
Shri Satva Anugraha Apartment, Kamakshipalya
Shri Trimurti Chetnalaya Shree 1008 Shreyansnath Digambar Jain Sangh, Yalhanka
Shri Sakal Jain Sangh, Kolar, Mulbagal, Malur, Bangarpet

### JITO BENGALURU SOUTH

**Ranjeet Solanki** Chairman | **Mahendra Jiani** Vice Chairman | **Mahendra Ranka** Vice Chairman | **Rajkumar Kothari** Vice Chairman | **Rajendra Dantewadia** Vice Chairman | **Nitin Lunia** Chief Secretary

**Nemichand Chopra** Treasurer | **Komal Bhandari** Secretary | **Pratik Gandhi** Secretary | **Mahaveer Dantewadia** Jt. Treasurer | **Narendra Sanklecha** Jt. Treasurer

**Bharat Bhandari, Chetan Bohra, Chetan Ladhani, Dinesh Mehta, Hitendra Jain, Inder Nahar, Kamlesh Nahar, Lalith Bagrecha, Mahaveer Bhansali, Manish Gulechha, Praveen Sofadiya, Rajesh Bhansali, Raunak Gulecha, Safal Sakaria, Shreyans Rakhecha, Tejpal Jain, Vijay Mehta**

JITO LADIES: **Babita Raysoni** Chairperson | **Nidhi Palrecha** Chief Secretary

JITO YOUTH: **Mehul Srisrimal** Chairman | **Rishab Chopra** Chief Secretary

### JITO BENGALURU NORTH

**Vimal Kataria** Chairman | **Kamal Punmiya** Vice Chairman | **Dinesh Bafna** Vice Chairman | **Vijay Singhvi** Chief Secretary

**Narendra Achha** Treasurer | **Ashok G Bhandari** Secretary | **Madan B Jain** Secretary | **Pankaj S Balar** Secretary | **Preteesh Jain** Secretary | **Kishore S Karnawat** Jt. Treasurer

**Arun Kumar Nahar, Arvind Kumar Taprawat, B Ramesh Chand Bohra, Dinesh Kumar Khivesara, Dinesh Lodha, Nemi Chand Dalal, Nitesh Kumar Gandhi, Pramit J Bafna, Praveen Kumar Chowhan, Ramesh Chand B Dak, Rhakesh Pokarana, Satish Porwad, Shekar Jain, Siddarth Patwa, Sunil Kumar D, Sunilkumar Lodha, Suresh Kumar Ganna, Vinod Nandawat, Sanjay Pitaliya**

JITO LADIES: **Lakshmi Bafna** Chairperson | **Raksha Chajjed** Chief Secretary

JITO YOUTH: **Anish Bhojani** Chairman | **Ashish Taprawat** Chief Secretary

### JITO KKG ZONE

**Praveen Bafna** Chairman
**Dilip Jain** Chief secretary

### JITO APEX DIRECTORS

**Sripal Bachawat** Secretary JITO Apex | **Narendra Singh Samar** Special Invitee WC | **Praveen Bafna** Director JITO Apex | **Bherumal Bhandari** DIC Shraman Arogyam
**Praveen Shah** DIC Youth Wing Apex | **Shailesh Haran** DIC JIIF JITO Apex | **Pushpak R Hanamannavar** DIC Minority

### JITO APEX OFFICIO

**Ramesh Haran** Chairman - SA | **Mahaveer Mehta** Chairman - JITO International | **Vinod Pokarna** Chairman - JITO Jobs
**Rameshchand Bohra** Vice President - JATF | **Paras Chowatia** Vice President - SA | **Monica Pirgal** Vice Chairperson-CFE | **Om Jain** Director - JEAP

### JITO BANGALORE PAST CHAIRMAN

Tejraj Gulecha, Prakashchand Singhvee, Rajendra Gandhi, Paras Jain, Kiran Gala, Sripal Khivesara, Ashok S Nagori, Dinesh Bohra, B Inderchand Bohra

97, 1st Floor, Mahaveer Arcade, Sirsi Road,Chamrajpet, Bengaluru – 560 018, Tel: 080-2670 5511 / 2670 5533, Email: bangalorechapter@jito.org, Website: www.jitobangalore.com | # 85, 1st Floor, 59th Cross Rd, 4th Block, Rajajinagar, Bengaluru-560010, Mob: 99025 69865, Email: bangalorenorth@jito.org, Website: jitobangalorenorth.org

# फडणवीस ने भारत की पहली 'पॉड टैक्सी' परियोजना का शिलान्यास किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को भारत की पहली 'पॉड टैक्सी' परियोजना का शिलान्यास किया। यह एक स्वचालित तीव्र पारगमन प्रणाली है, जिसे मुंबई में कुर्ला और बीकेसी के बीच विकसित किया जा रहा है, ताकि दैनिक यात्रियों को अंतिम-छोर तक पहुँच मिल सके।

चेम्बूर स्थित डायमंड गार्डन मेट्रो स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ दोनों उपमुख्यमंत्रियों- एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा पवार ने भी शिरकत की। मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) वित्तीय राजधानी के सबसे बड़े व्यापारिक केंद्र तक अंतिम छोर का संपर्क प्रदान करने के लिए कुर्ला और बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के बीच 'पॉड टैक्सी' परियोजना को क्रियान्वित कर रहा है।

एमएमआरडीए के अधिकारियों ने बताया कि 8.85 किलोमीटर लंबी स्वचालित तीव्र पारगमन प्रणाली (एआरटीएस) के चरणों में विकसित होने पर 'अंतिम छोर तक संपर्क' को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

परियोजना मार्ग में 22 वातानुकूलित स्टेशन होंगे, जो लगभग 200 मीटर के अंतराल पर स्थित होंगे। इसके पहले चरण में बांद्रा (पूर्वी) और कुर्ला के बीच 3.36 किलोमीटर का हिस्सा शामिल होगा।




यह प्रणाली एलबीएस मार्ग, कलानगर और बीकेसी जैसे प्रमुख स्थानों को जोड़ेगी, तथा बांद्रा और कुर्ला उपनगरीय रेलवे स्टेशनों को आपस में मिलाएगी।

'पॉड टैक्सी' में कोई चालक नहीं होगा और एआई-आधारित यह सेवा एक खास समर्पित मार्ग पर चलेगी तथा बैटरी ऊर्जा से संचालित होगी। हर पॉड में अधिकतम छह यात्री बैठ सकेंगे और यह 40 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ़्तार से हर 15 सेकंड के अंतराल पर चलेगी। ये 'पॉड' सिर्फ़ उन स्टेशनों पर रुकेंगे, जिन्हें यात्रियों ने चुना होगा, जिससे सफ़र और भी तेज़ एवं अधिक सुगम बन जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि 'पॉड टैक्सी' प्रणाली से यातायात जाम कम होने, यात्रा का समय घटने और पर्यावरण-अनुकूल आवागमन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है; साथ ही, 2031 तक इसके ज़रिए रोज़ाना 1.09 लाख से अधिक यात्रियों के सफ़र करने का अनुमान है।

## प्रणाली विकास चक्र सिकुड़ रहा, सामग्री विकास चक्र को तालमेल बिठाना होगा : डीआरडीओ प्रमुख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के प्रमुख समीर वी. कामत ने मंगलवार को कहा कि सामग्री विकास के क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इसके चक्र में 10-15 साल लगते हैं, जबकि प्रणाली विकास का चक्र ''लगातार सिकुड़ रहा है''।

उन्होंने यहां सुब्रतो पार्क में आयोजित एक रक्षा संगोष्ठी में कहा कि जब तक सामग्री विकास चक्र, प्रणाली विकास चक्र के साथ ''कदम से कदम मिलाकर'' नहीं चलता, तब तक किसी भी नई सामग्री को जुटाना लगातार'' अधिक चुनौतीपूर्ण'' होता जाएगा। डीआरडीओ अध्यक्ष ने कहा, ''सामग्रियां प्रमुख सक्षम कारक हैं, चाहे वे प्रणालियों, हथियारों या सेंसर के लिए हों। यदि आप अपनी वर्तमान क्षमताओं से बढ़कर क्षमताएं चाहते हैं, तो आपको ऐसी सामग्रियां विकसित करनी होंगी जो वह क्षमता प्रदान कर सकें।'' उन्होंने भारत को सामग्री विकास की प्रौद्योगिकी के लिए विदेशी देशों पर निर्भर रहने के प्रति आगाह किया। कामत ने कहा, ''आपको यह नहीं मिलेगी। वे आपको यह प्रौद्योगिकी तभी देंगे, जब वे इसे अपनी प्रणाली में इस्तेमाल कर चुके होंगे। और, जब वे अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी पर चले जाएंगे, तब वे आपको अपनी प्रणाली बनाने के लिए ज़रूरी प्रौद्योगिकी के अलग-अलग हिस्से देंगे।'' डीआरडीओ प्रमुख ने सामग्री विकास क्षेत्र के समक्ष आने वाली विभिन्न चुनौतियों को रेखांकित करते हुए कहा, ''तो अगर आपकी आत्मनिर्भर बनने और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी बनने की कोई महत्वाकांक्षा है, तो यह एक ऐसा क्षेत्र है-एकमात्र क्षेत्र नहीं, बल्कि एक ऐसा क्षेत्र -जिस पर देश को ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि सामग्री विकास चक्र 10 से 15 साल का होता है। अगर आप देखें, तो प्रणाली विकास चक्र लगातार छोटा होता जा रहा है। आज, हर पांच साल में नई प्रणालियां आ जाती हैं, और ड्रोन जैसे क्षेत्रों में, हर कुछ साल में या हर साल चीज़ें बदल जाती हैं।'' डीआरडीओ अध्यक्ष ने कहा, ''इसलिए, जब तक सामग्री विकास चक्र, प्रणाली विकास चक्र के साथ तालमेल बनाकर नहीं चलता, तब तक नई सामग्री को जुटाना कठिन होता जाएगा।''

## 'डिलीवरी ऐप' के माध्यम से अवैध रूप से मंगाई जा रही थी शराब, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस ने 'डिलीवरी ऐप' के माध्यम से संचालित हो रहे अवैध शराब आपूर्ति नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है और हरियाणा से लाई जा रही अवैध शराब जब्त की है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह गिरोह ऐप-आधारित लॉजिस्टिक (रसद) सेवाओं का फायदा उठाकर काम करता था, जिससे आरोपी गुप्त रूप से खेप को राज्य की सीमा के बाहर ले जाते थे और उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में स्थानीय शराब तस्करों तक पहुंचा देते थे। पीरागढ़ी चौक के पास अवैध शराब की आवाजाही के संबंध में पांच अप्रैल को मिली विशिष्ट खुफिया जानकारी के बाद इस घटना का खुलासा हुआ। अधिकारी ने बताया, ''सूचना के आधार पर, पश्चिम विहार पूर्व थाने की एक टीम ने घटनास्थल पर जाल बिछाया। निगरानी के दौरान, पुलिस की नजर एक संदिग्ध तिपहिया टेम्पो की ओर गई। रुकने का इशारा करने पर, चालक भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया।''

## भोजशाला विवाद : हिंदू पक्ष ने कहा, 'किसी जगह पर महज नमाज पढ़ लेने से वह मस्जिद नहीं बन जाती'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंदौर/भाषा।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में धार के भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद परिसर के धार्मिक स्वरूप को लेकर चल रहे विवाद के मुकदमे में मंगलवार को हिंदू पक्ष ने दलील दी कि 11वीं सदी के स्मारक परिसर का एक विवादित ढांचा वक्फ (धर्मार्थ अर्पित) संपत्ति कतई नहीं है और किसी स्थान पर केवल नमाज पढ़ लेने से वह जगह कानूनन मस्जिद नहीं बन जाती।



भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष इसे कमाल मौला मस्जिद बताता है। यह विवादित परिसर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित है। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ इस परिसर के धार्मिक स्वरूप के विवाद को लेकर दायर चार याचिकाओं और एक रिट अपील पर सोमवार (छह अप्रैल) से नियमित सुनवाई कर रही है। सुनवाई के दूसरे दिन याचिकाकर्ताओं में शामिल संगठन 'हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस' के वकील विष्णु शंकर जैन ने अदालत में अपनी दलीलें पेश करना जारी रखा।

उन्होंने न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की खंडपीठ के सामने कहा कि विवादित परिसर में धार के परमार राजवंश के राजा भोज द्वारा 1034 में स्थापित सरस्वती मंदिर पहले से मौजूद था और इस जगह को ऐतिहासिक व राजस्व रिकॉर्ड में 'भोजशाला' के रूप में ही जाना जाता है। उन्होंने देशी-विदेशी लेखकों की किताबों, एएसआई व पुरातत्व विभाग के प्रकाशित ग्रंथों और अन्य स्रोतों के हवाले से दावा किया कि भोजशाला परिसर में बने मंदिर को ढहाया गया और इसके अवशेषों से खड़े किए गए विवादित ढांचे को नमाज पढ़ने के लिए इस्तेमाल करना शुरू किया गया। हिंदू पक्ष के वकील ने जोर देकर कहा कि विवादित परिसर में मूलत: कोई मस्जिद मौजूद नहीं थी और किसी जगह पर केवल नमाज पढ़ने से वह जगह कानूनन मस्जिद नहीं बन जाती। इस्लामी कानून के अनुसार मस्जिद के निर्माण के लिए जमीन को स्वेच्छा से वक्फ किया जाना जरूरी है। जैन ने कहा कि भोजशाला को 1909 के पहले से संरक्षित स्मारक का दर्जा हासिल है और इसके परिसर का एक विवादित ढांचा वक्फ संपत्ति कतई नहीं है।

## नेतृत्व परिवर्तन के दौर से गुजर रहीं प्रमुख भारतीय एयरलाइन

### कैंपबेल विल्सन ने अपने इस्तीफे की घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** भारत के घरेलू विमानन बाजार में संयुक्त रूप से 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रखने वाली तीन एयरलाइंस इस समय शीर्ष स्तर पर बदलाव के दौर से गुजर रही हैं। एयर इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन मंगलवार को अपने इस्तीफे की घोषणा के साथ ही प्रमुख एयरलाइंस के संक्रमणकालीन नेतृत्व का हिस्सा बन गए।

विल्सन 2022 के मध्य से एयर इंडिया का नेतृत्व कर रहे थे और वह अपने उत्तराधिकारी के चयन तक पद पर बने रहेंगे। इससे पहले एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने 19 मार्च को अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद पद छोड़ दिया था। अब वह इंडिगो एयरलाइन में मुख्य रणनीति अधिकारी के रूप में जुड़ गए हैं। इसी कड़ी में इंडिगो ने 10 मार्च को अपने सीईओ पीटर एल्बर्स के अचानक इस्तीफे की घोषणा की थी। इंडिगो ने ब्रिटिश एयरवेज के पूर्व प्रमुख विलियम वॉल्श



को नया सीईओ नियुक्त किया है, हालांकि इसके लिए नियामकीय मंजूरी बाकी है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अभी तक नए प्रमुख की घोषणा नहीं की है, जबकि एयर इंडिया के निदेशक मंडल ने विल्सन के उत्तराधिकारी की तलाश के लिए एक समिति गठित कर दी है।

तेजी से बढ़ते घरेलू विमानन बाजार में इन बदलावों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विमानन उद्योग के दो प्रमुख समूहों- एयर इंडिया समूह और इंडिगो के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच यह नेतृत्व परिवर्तन उपभोक्ता विकल्पों और भविष्य की वृद्धि दिशा को प्रभावित कर सकता है। इन तीनों एयरलाइन कंपनियों की घरेलू विमानन बाजार में संयुक्त रूप से करीब 90 प्रतिशत हिस्सेदारी है।




## प्रवासी मजदूरों के लिए पांच किलो वाले गैस सिलेंडर का दैनिक कोटा दोगुना हुआ

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने पश्चिम एशिया में तनाव के चलते गैस आपूर्ति में आई बाधाओं के बीच ईंधन उपलब्धता बनाए रखने के लिए प्रवासी श्रमिकों के लिए बाजार मूल्य वाले पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर का दैनिक कोटा दोगुना कर दिया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने मंगलवार को यहां नियमित प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि छह अप्रैल को जारी पत्र के जरिये राज्यों को दैनिक कोटा बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। यह कोटा मार्च की शुरुआत की औसत दैनिक आपूर्ति का दोगुना कर दिया गया है।

आमतौर पर घरेलू रसोई में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलोग्राम के सब्सिडी वाले गैस सिलेंडर के उलट पांच किलोग्राम वाले सिलेंडर बाजार दर पर उपलब्ध होते हैं। दिल्ली में इसकी कीमत 549 रुपए है, जबकि 14.2 किलोग्राम का सिलेंडर 913 रुपए का है। कामकाज की तलाश में आने वाले प्रवासी श्रमिकों के पास अक्सर नियमित एलपीजी कनेक्शन नहीं होता है, इसलिए उन्हें राहत देने के लिए यह कदम उठाया गया है। ये छोटे सिलेंडर एलपीजी वितरक को पहचान पत्र दिखाकर आसानी से खरीदे जा सकते हैं। शर्मा ने बताया कि 23 मार्च से अब तक पांच किलो वाले करीब 7.8 लाख सिलेंडर की बिक्री हो चुकी है। अकेले सोमवार को ही 1.06 लाख से अधिक छोटे सिलेंडर बिक गए। इसके साथ ही, वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को भी पश्चिम एशिया संकट से पहले के स्तर के करीब 70 प्रतिशत तक बढ़ाया जा चुका है और जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने के लिए 4,300 से अधिक छापे मारे गए हैं।

## एटीएस ने 25 करोड़ रुपए मूल्य की मेथामफेटामीन जब्त की, दो लोग गिरफ्तार

**अहमदाबाद/भाषा।** गुजरात के बनासकांठा जिले से करीब पांच करोड़ रुपए मूल्य की पांच किलोग्राम मेथामफेटामीन जब्त की गई है और इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संदेह है कि मादक पदार्थ की यह खेप पाकिस्तान से तस्करी कर भारत लाई गई है। अधिकारियों ने बताया कि यह सफलता गुजरात और राजस्थान की आतंकवाद रोधी दस्तों (एटीएस) को मिली।

गुजरात एटीएस द्वारा जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शंकरराम रमेशराम और सलमान लालखान के रूप में हुई है और दोनों राजस्थान के निवासी हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक गुजरात और राजस्थान एटीएस के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम ने खुफिया सूचना के आधार पर सोमवार शाम को राजस्थान के जैसलमेर को गुजरात के बनासकांठा से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-68 पर एक एक संदिग्ध कार को रोका।

## कलपक्कम रिएक्टर से जुड़ी उपलब्धि तीन दशकों के प्रयास का परिणाम: कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने कलपक्कम में स्वदेश निर्मित 'प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर के 'क्रिटिकैलिटी' हासिल करने पर मंगलवार को कहा कि यह तीन दशकों से अधिक के प्रयास का परिणाम है और बेहतर होता कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की इस शानदार उपलब्धि को शासन से संबंधित निरंतरता के रूप में स्वीकार करते।

'क्रिटिकैलिटी' हासिल करने का अर्थ यह होता है कि रिएक्टर ने स्व-संचालित और नियंत्रित परमाणु शृंखला प्रतिक्रिया शुरू कर दी है। जयराम रमेश ने कहा कि रिएक्टर देश के परमाणु ऊर्जा



प्रतिष्ठान की ओर से तीन दशकों से अधिक के समय के समर्पित, दृढ़ और अनुशासित प्रयास का परिणाम है, जिसकी नींव भाभा-नेहरू की जोड़ी और कई अन्य प्रतिष्ठित परमाणु वैज्ञानिकों ने रखी थी। रमेश ने पोस्ट किया, ''कलपक्कम में 500 मेगावाट का प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ने कल 'क्रिटिकल' वाली स्थिति हासिल कर ली। रूस के अलावा भारत एकमात्र देश है, जिसके पास वाणिज्यिक फास्ट ब्रीडर होंगे, जो हमारे विशाल थोरियम भंडार के उपयोग को सक्षम बनाएंगे।'' कांग्रेस नेता ने कहा, ''यह रिएक्टर हमारे परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठान की ओर से तीन दशकों से अधिक के समर्पित, दृढ़ और अनुशासित प्रयास का परिणाम है, जिसकी नींव भाभा-नेहरू की जोड़ी और बाद में आए कई अन्य प्रतिष्ठित परमाणु वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों ने रखी थी।'' रमेश ने अपनी 2008 की कलपक्कम यात्रा की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, ''मुझे जुलाई 2008 में कलपक्कम की अपनी यात्रा और डॉ. बलदेव राज एवं उनकी टीम के साथ हुई बातचीत अच्छी तरह से याद है। वह सबसे प्रेरणादायक सुबह थी। प्रधानमंत्री के लिए यह उचित होता कि वह अपने पोस्ट में इस शानदार उपलब्धि में निरंतरता को स्वीकार करते।''

## रामबन में भूस्खलन की वजह से जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग बंद, करीब 200 वाहन फंसे

**जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में कई स्थानों पर भूस्खलन की वजह से जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को मंगलवार को यातायात के लिए बंद कर दिया गया। हालांकि, अधिकारियों ने कुछ घंटे पहले ही इस मार्ग को यातायात के लिए बहाल किया था। अधिकारियों ने बताया कि घाटी को साल भर सड़क मार्ग से जोड़ने वाले 270 किलोमीटर लंबे राजमार्ग पर 200 से अधिक वाहन विभिन्न स्थानों पर फंसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को भूस्खलन के कारण दिन भर बंद रहने के बाद मंगलवार तड़के राजमार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए खोला गया था। यातायात पुलिस की प्रवक्ता ने बताया, ''डिगडोल और खूनी नाले के बीच भारी भूस्खलन के कारण जम्मू -श्रीनगर ओर दोनों दिशाओं की यातायात के लिए बाधित हो गया है। सड़क पूरी तरह से अवरुद्ध है।'' उन्होंने कहा कि सड़क को यातायात के लिए पूरी तरह से बहाल किए जाने तक लोगों को राजमार्ग पर यात्रा न करने की सलाह दी। प्रवक्ता ने कहा, ''कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें और यातायात पुलिस के 'एक्स' हैंडल, फेसबुक पेज और यातायात नियंत्रण इकाइयों पर सड़कों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करते रहें।''




## कम आय वाले यात्रियों के लिए अमृत भारत ट्रेनों के फेरे बढ़ाने की मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** देश भर के कई यात्री संगठनों ने कम आय वाले लाखों यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए अमृत भारत ट्रेनों के फेरे बढ़ाने की मांग की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 30 दिसंबर, 2023 को शुरू की गई अमृत भारत ट्रेन गैर-वातानुकूलित है जिसमें केवल स्लीपर और द्वितीय श्रेणी के डिब्बे हैं। इस ट्रेन में यात्रियों को बेहतर सुरक्षा के साथ-साथ कई सुविधाएं मिलती हैं।

यात्री समूहों ने बताया कि 30 जोड़ी अमृत भारत ट्रेनों में से केवल एक जोड़ी प्रतिदिन चलती है। शेष 29 जोड़ियों में से 22 साप्ताहिक, चार सप्ताह में दो बार और तीन सप्ताह में तीन बार चलती हैं। उन्होंने कहा कि ये ट्रेनें कम आय वाले यात्रियों के लिए सबसे किफायती और सुविधाजनक विकल्पों में से एक हैं, लेकिन सीमित फेरों के कारण इनकी पहुंच सीमित हो जाती है। कोयंबटूर जिला रेलवे यात्री कल्याण संघ के एम जमील अहमद ने कहा, ''राजेंद्रनगर (पटना) और नई दिल्ली के बीच अमृत भारत ट्रेन प्रतिदिन चलती है। बाकी ट्रेनें साप्ताहिक, द्विसाप्ताहिक या त्रिसाप्ताहिक हैं, अहमद 11 मार्च को पोदानूर (कोयंबटूर) में पोदानूर-धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिशुभारंभ समारोह में उपस्थित थे, ने बताया कि यह ट्रेन पोदानूर से हर शनिवार को चलती है और इसकी काफी मांग है। उन्होंने शिकायत की, आप प्रतीक्षा सूची देख सकते हैं, जिसमें अक्सर प्रस्थान से पहले 120 से अधिक बुकिंग हो जाती हैं। संपन्न यात्रियों के लिए वंदे भारत ट्रेनें प्रतिदिन चलती हैं, जबकि कम आय वर्ग के लोगों द्वारा उपयोग की जाने वाली अमृत भारत ट्रेनें साप्ताहिक रूप से चलाई जाती हैं।

## हिमाचल सरकार का 2026 तक एक लाख किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य



**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के कृषि विभाग ने वर्ष 2026 में एक लाख किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है और किसानों को इस तरीके को अपनाने के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रही है, क्योंकि इससे वे कम लागत पर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। उन्होंने कहा, ''अब तक, 2,22,893 किसानों और बागवानी परिवारों ने प्राकृतिक खेती के तरीकों को अपनाया है। यह तरीका राज्य की 99.3 प्रतिशत पंचायतों तक पहुंच चुका है और वर्तमान में 38,437 हेक्टेयर ज़मीन पर इसका अभ्यास किया जा रहा है।'' उन्होंने कहा, ''इसके अलावा, प्राकृतिक खेती में लगे दो लाख से अधिक किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है, जिनमें से 1,98,000 किसानों को पहले ही प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि 'प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना' के तहत, रासायनिक चीज़ों के इस्तेमाल को हतोत्साहित किया जाता है, जबकि देसी गाय के गोबर, गोमूत्र और स्थानीय पौधों के संसाधनों पर आधारित चीज़ों को बढ़ावा दिया जाता है। उन्होंने कहा, '''इस योजना के मुख्य उद्देश्यों में पर्यावरण संरक्षण, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना और खेती की लागत को कम करना शामिल है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को उचित लाभ सुनिश्चित करने के लिए, प्राकृतिक रूप से उगाई गई उपज के लिए देश में सबसे अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दे रही है।

## असम पुलिस दिल्ली में पवन खेड़ा के आवास पर पहुंची, कांग्रेस ने 'प्रतिशोध की कार्रवाई' का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** असम पुलिस की एक टीम मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के आवास पर उनसे पूछताछ के लिए पहुंची और तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी द्वारा खेड़ा के आरोपों के खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत पर की गई। खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री की पत्नी पर तीन पासपोर्ट और अघोषित संपत्ति रखने का आरोप लगाया था।

असम पुलिस के डीसीपी देबोजित नाथ ने कांग्रेस नेता के आवास के बाहर संवाददाताओं से कहा कि खेड़ा अपने आवास पर नहीं मिले। उन्होंने कहा, हालांकि आवास की तलाशी ली गई और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। नाथ ने कहा कि कुछ ''दोष साबित करने वाली सामग्री'' मिली है, लेकिन जांच के इस स्तर पर इसकी विस्तृत जानकारी साझा नहीं की जा सकती। डीसीपी ने बताया कि गुवाहाटी की अपराध शाखा पुलिस थाना ने मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। शर्मा ने खेड़ा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। कांग्रेस प्रवक्ता खेड़ा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन कर आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा के पास तीन पासपोर्ट और विदेश में संपत्ति है, जिसे मुख्यमंत्री के चुनावी हलफनामे में घोषित नहीं किया गया है। सूत्रों ने बताया कि एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी पूर्वाह्न करीब 11 बजे मध्य दिल्ली के निजामुद्दीन स्थित खेड़ा के आवास पर पहुंचे और लगभग दो घंटे बाद वहां से चले गए। कांग्रेस ने शर्मा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह नौ अप्रैल के चुनावों में ''आसन्न'' हार के कारण ''परेशान और विचलित''



हैं और विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रहे हैं।

वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस खेड़ा को ''पाताल'' से भी ढूंढ निकालेगी और उनसे उन ''फर्जी दस्तावेजों'' के बारे में पूछताछ करेगी, जिनका इस्तेमाल उनके परिवार को निशाना बनाने के लिए किया था। शर्मा ने असम के शिवसागर में एक चुनावी जनसभा से इतर 'पीटीआई वीडियो' से बातचीत में कहा,''पवन खेड़ा ने असम पुलिस को उन्हें गिरफ्तार करने की चुनौती दी थी, लेकिन अब वह हैदराबाद भाग गए हैं।'' दिल्ली में डीसीपी देबोजीत नाथ ने कहा कि कांग्रेस नेता का फिलहाल पता नहीं चल पाया है, लेकिन उन्हें ढूंढ निकाला जाएगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, पुलिस टीम ने यहां पहुंचने पर औपचारिक रूप से दिल्ली पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद स्थानीय पुलिस की एक टीम भी जांच में शामिल हो गई और प्रक्रिया में सहयोग कर रही है।

RNI No. 58061/93 ■ वर्ष - 21 ■ अंक - 248 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » बुधवार » 08-04-2026 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित





5 बंगाल में भाजपा का सत्ता में आना तय, घुसपैठियों को वापस भेजा जाएगा : शाह

6 बंगाल में रक्तरंजित चुनाव की आहट

7 कफर्ट और पर्सनैलिटी ही मेरे लिए फैशन : सहर बंबा

## फर्स्ट टेक

### 'टटीरी' गाने को लेकर बादशाह ने एनसीडब्ल्यू से माफी मांगी

**नई दिल्ली/भाषा।** रैप गायक बादशाह ने मंगलवार को अपने गीत 'टटीरी' को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) से माफी मांगी और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम करने का वादा किया, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की 50 लड़कियों की शिक्षा प्रायोजित करना शामिल है। आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया, जिन्हें बादशाह के नाम से जाना जाता है, पिछले महीने 'टटीरी' गीत जारी होने के बाद विवादों में आ गए थे। वह इस गीत को लेकर आयोग के समक्ष पेश हुए। सुनवाई के दौरान निर्देशक जोबन संधू और महावीर सिंह तथा निर्माता हितेन भी मौजूद थे। सुनवाई की अध्यक्षता एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने की। उन्होंने कहा कि गीत के बोल और प्रस्तुति से महिलाओं की गरिमा और शालीनता को ठेस पहुंची है। रहाटकर ने महिलाओं की गरिमा को हुए नुकसान पर गहरी चिंता जताई और संबंधित पक्षों को निर्देश दिया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हों।

### मणिपुर में चार जिलों में कर्फ्यू लगाया गया

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर सरकार ने एक बम विस्फोट में दो बच्चों की मौत के बाद हुई हिंसा के मद्देनजर मंगलवार को इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर और काकचिंग के जिलाधिकारियों ने मंगलवार से अपने-अपने जिलों में कर्फ्यू लागू करने का आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है, ''सात अप्रैल से अगले आदेश तक किसी भी व्यक्ति का अपने निवास स्थान से बाहर निकलना प्रतिबंधित है।

### लश्कर के अंतरराज्यीय आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक अंतरराज्यीय आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए पिछले 16 साल से फरार अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरैरा समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, अब्दुल्ला के अलावा एक अन्य पाकिस्तानी आतंकी उस्मान उर्फ खुबैब को भी इस बड़े अभियान में गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई जम्मू और कश्मीर पुलिस द्वारा फरीदाबाद के अल फलाह विश्वविद्यालय में स्थित एक 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के छह महीने बाद हुई है।

| सूर्यास्त 08-04-2026 | सूर्योदय 09-04-2026 |
| --- | --- |
| 6:31 बजे | 6:11 बजे |

| BSE | NSE |
| --- | --- |
| 74,616.58 | 23,123.65 |
| (+509.73) | (+155.40) |

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 15,428 रु. | 239,056 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## महिला नेतृत्व वाली शासन व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है भारत : प्रधानमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



- राजग सरकार ने हमेशा महिलाओं को हर तरीके से सशक्त करने को प्राथमिकता दी है
- प्रधानमंत्री ने शनिवार को संसद के बजट सत्र को तीन दिनों के लिए यानी 16 अप्रैल से 18 अप्रैल तक बढ़ाने की घोषणा की
- प्रधानमंत्री ने सभी दलों से ''देश की माताओं और बहनों का विश्वास जीतने में भागीदार बनने'' की अपील की।

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार ने हमेशा हर तरह से महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि राजग सरकार द्वारा लाए गए महिला आरक्षण अधिनियम के साथ, भारत अधिक नारी-नेतृत्व वाली शासन व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा ''महिलाओं के विधायी नेतृत्व को बढ़ावा देना'' विषय पर एक समाचार पत्र में लिखे लेख पर की। लेख में अन्नपूर्णा देवी ने रेखांकित किया है कि ''महिलाओं का अधिक प्रतिनिधित्व मजबूत, अधिक समावेशी शासन और एक विकसित भारत की कुंजी है''।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' प्रतिनिधित्व का वास्तविक प्रभाव में बदलना जरूरी है। सरकार ने हमेशा नारी शक्ति को हर रूप में प्राथमिकता दी है। इसलिए, नारी शक्ति वंदन अधिनियम की नींव रखते हुए, भारत महिला नेतृत्व वाली शासन व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। यह भी विकसित भारत का एक प्रमुख आधार है।''

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को आमतौर पर महिला आरक्षण अधिनियम के रूप में जाना जाता है। इस अधिनियम को संसद ने 2023 में मंजूरी दी थी,जिसके जरिये लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है।

संविधान में संशोधन करके लाया गया यह कानून निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद लागू होगा।

प्रधानमंत्री ने शनिवार को संसद के बजट सत्र को तीन दिनों के लिए यानी 16 अप्रैल से 18 अप्रैल तक बढ़ाने की घोषणा की, ताकि महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन किया जा सके और इसे 2029 से लागू किया जा सके।

अधिकारियों ने कहा कि यदि परिसीमन प्रक्रिया से पहले ही कानून लागू करने का प्रस्ताव वास्तव में साकार हो जाता है, तो संविधान में एक और संशोधन की आवश्यकता होगी। सरकार द्वारा संसद के तीन दिवसीय सत्र में इस संबंध में कानून में संशोधन किए जाने की उम्मीद है।

मोदी ने सभी राजनीतिक दलों से खुले मन से और बिना किसी राजनीतिक नफा-नुकसान का आकलन किए बिना संबंधित विधेयकों का पूर्ण समर्थन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह ''सशक्तिकरण से संबंधित मुद्दा है''। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से ''देश की माताओं और बहनों का विश्वास जीतने में भागीदार बनने'' की अपील की।

## समय बताएगा कि कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन आसन्न है या नहीं : शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हुब्बली (कर्नाटक)/भाषा।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के बाद राज्य को नया मुख्यमंत्री मिलेगा या नहीं, यह तो समय ही बताएगा।

बागलकोट और दावणगेरे दक्षिण विधानसभा सीटों पर नौ अप्रैल को उपचुनाव होंगे। वरिष्ठ कांग्रेस विधायकों एच.वाई. मेती और शमनूर शिवशंकरप्पा के निधन के कारण ये उपचुनाव कराए जा रहे हैं। शिवकुमार ने उपचुनाव के बाद उनके मुख्यमंत्री बनने और नेतृत्व परिवर्तन होने के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में पत्रकारों से कहा, ''आप इसकी चिंता क्यों कर रहे हैं? इसे मुद्दा बनाने की कोई आवश्यकता नहीं है... मैं पहले ही कह चुका हूं कि समय इसका जवाब देगा।''

मंत्री जमीर अहमद खान समेत कुछ नेताओं के इस बयान पर कि मौजूदा मुख्यमंत्री सिद्धरमैया 2028 तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे, शिवकुमार ने कहा, ''मैं दूसरों के बयानों पर टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। मैं पार्टी अध्यक्ष हूं... इस मामले पर या तो मुख्यमंत्री या मुझे बोलना होगा। हम दोनों के अलावा बाकी लोग जो कहेंगे, वह अप्रासंगिक है।'' अपने धैर्य के पीछे का राज पूछे जाने पर शिवकुमार ने जवाब दिया, ''समय इसका जवाब देगा।''

हाल ही में सिद्धरमैया ने कहा था कि कांग्रेस सरकार दो और वर्षों तक सत्ता में रहेगी और वह राज्य के मुख्यमंत्री हैं।

बीस नवंबर, 2025 को कांग्रेस सरकार के पांच वर्षीय कार्यकाल का आधा समय पूरा होने के बाद मुख्यमंत्री परिवर्तन की अटकलों के बीच सत्ताधारी पार्टी के भीतर नेतृत्व की खींचतान तेज हो गई है।

## कोई विधर्मी भारत का राजा नहीं हो सकता, सिर्फ एक ही सनातन राजा राम : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



- भारत के संतों ने कभी भी अपने मूल्यों और आदर्शों से समझौता नहीं किया तथा वही जागृत चेतना आज के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक भारत की नींव है।

**मथुरा/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि भारत का असली राजा कोई बाहरी या विधर्मी नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भारत के एक ही राजा हैं सनातन राजा राम और राम के अलावा कोई और नहीं।

योगी मंगलवार को वृन्दावन के मलूक पीठ में मलूक दास जी महाराज की 452 वीं जयंती के अवसर पर श्री सीताराम निकुंज अष्टयाम लीला महोत्सव को संबोधित कर रहे थे । मुख्यमंत्री ने कहा कि संत तुलसीदास ने भी इसी सिद्धांत को अपनाया। उन्होंने कहा कि मुगल सम्राट अकबर के समय लोभ-लालच से तुलसीदास को दरबार में बुलाने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कहा, भारत का राजा तो एक ही है राम।

योगी ने कहा कि आज भी रामलीला के मंचों से यही नारा सुनाई देता है बोलो राजा रामचंद्र की जय और यह नारा मुगल काल में संत तुलसीदास ने ही दिया था।

मुख्यमंत्री ने संत मलूक दास को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके समय भारत विदेशी आक्रांताओं की क्रूरता से जूझ रहा था। उन्होंने कहा कि 452 वर्ष पहले प्रयागराज के कड़ाधाम में उन्होंने भक्ति की दिव्य ज्योति प्रकट की, जो राष्ट्रवाद और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक बनी।

योगी ने कहा कि संत मलूक दास ने भारत की वैष्णव रामानंदी परंपरा को आगे बढ़ाया और मुगल काल के चार सम्राटों अकबर, जहांगीर, शाहजहां और औरंगजेब के समय की क्रूरता देखी। उन्होंने कहा कि भारत के संतों ने कभी भी अपने मूल्यों और आदर्शों से समझौता नहीं किया तथा वही जागृत चेतना आज के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक भारत की नींव है।

योगी आदित्यनाथ ने संतों की उपस्थिति में सनातन समाज से एकजुट होने का आह्वान किया। रामनगरी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 2017 के पहले अयोध्या में तीन घंटे बिजली मिलती थी तथा जय श्रीराम बोलने पर लड्डू नहीं, डंडे-लाठियां मिलती थीं, गलियां संकरी थीं और भवन जर्जर, लेकिन आज अयोध्या त्रेतायुग का स्मरण कराती है। योगी ने कहा कि जब पूज्य संत एक मंच पर आए, एक स्वर में बोले तब 500 वर्ष का कलंक मिट गया और अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो गया। उन्होंने कहा कि जब संतों की एकता में इतनी शक्ति है तो सभी सनातनी एकजुट होकर ताकत का अहसास कराना प्रारंभ कर दें तो कोई भी विधर्मी और विधर्मी की आड़ में उनकी जूठन खाकर हिंदू विरोधी षड्यंत्र करने वाले भारत का बाल बांका भी नहीं कर पाएंगे।

### जायसवाल का अर्धशतक

## रॉयल्स ने मुंबई इंडियन्स को हराकर जीत की हैट्रिक बनाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**गुवाहाटी/भाषा।** सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के धमाकेदार अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के वर्षा से प्रभावित 11 ओवर के मैच में मंगलवार को यहां मुंबई इंडियन्स को 27 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और छह अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।

बारिश के कारण मुकाबला दो घंटे और 40 मिनट के विलंब से शुरू किया जिसके कारण इसे 11 ओवर का कर दिया गया।

रॉयल्स के 151 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी और नौ विकेट पर 123 रन ही बना सकी।

मुंबई की ओर से नमन धीर (25) और शेरफेन रदरफोर्ड (25) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। रॉयल्स की ओर से नांद्रे बर्गर (21 रन पर दो विकेट), रवि बिश्नोई (25 रन पर दो विकेट) और संदीप शर्मा (26 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए।

जायसवाल ने इससे पहले 32 गेंद में चार छक्कों और 10 चौकों से नाबाद 77 रन की पारी खेलने के अलावा वैभव सूर्यवंशी (39 रन, 14 गेंद, पांच छक्के, एक चौके) के साथ पांच ओवर में 80 रन जोड़े जिससे रॉयल्स ने तीन विकेट पर 150 रन बनाए।

मुंबई की ओर से स्पिनर अल्लाह गजनफर सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 21 रन देकर दो विकेट चटकाए। शारदुल ठाकुर ने भी 36 रन देकर एक विकेट हासिल किया।

## टोल प्लाजा पर अब नकद में नहीं होगा भुगतान, यूपीआई से देना होगा अधिक शुल्क

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर 10 अप्रैल से टोल प्लाजा पर नकद भुगतान नहीं होगा। मंत्रालय ने राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में कहा है कि यदि कोई वाहन वैध फास्टैग के बिना टोल प्लाजा में प्रवेश करता है, तो उपयोगकर्ता एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। लेकिन उन्हें लागू टोल शुल्क का 1.25 गुना भुगतान करना होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस कदम का उद्देश्य टोल प्लाजा पर लंबी कतारों को कम करना और यात्रियों के लिए राजमार्ग यात्रा को सुगम बनाना है। अधिकारी ने कहा कि 10 अप्रैल से टोल बूथ पर नकद भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा और फास्टैग टोल वसूली का प्राथमिक माध्यम बना रहेगा। वैध फास्टैग के बिना आने वाले वाहनों के लिए यूपीआई वैकल्पिक भुगतान विकल्प के रूप में काम करेगा।

## अमेरिका ने ईरान के तेल उद्योग के लिए अहम खार्ग द्वीप पर फिर से हमला किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**वाशिंगटन/एपी।** अमेरिका ने एक बार फिर ईरान के तेल उद्योग के लिए अति अहम खार्ग द्वीप पर हमला किया है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने पहचान गुप्त रखने की शर्त पर यह जानकारी दी। अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि अमेरिका ने द्वीप पर स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। ये हमले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को मांगों को मानने या बड़े हमले का सामना करने के लिए निर्धारित की गई समय सीमा से कुछ घंटे पहले हुए।


### ट्रंप ने पूरी ईरानी सभ्यता खत्म करने की धमकी दी

इस बीच ट्रंप ने मंगलवार सुबह एक बार फिर धमकी दी कि अगर ईरान ने समझौता नहीं किया तो ''पूरी सभ्यता आज रात ही खत्म हो जाएगी''।

ट्रंप ने द्वीप पर महत्वपूर्ण तेल अवसंरचना पर कब्जा करने के लिए जमीन पर सैनिकों को भी उतारने की धमकी दी है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के अभियान में कई अमेरिकी सैन्य कर्मियों की जान जाएगी और यह युद्ध को समाप्त करने की दिशा में निर्णायक कदम नहीं होगा।

इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर और अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के क्रिटिकल थ्रेट्स प्रोजेक्ट द्वारा उपग्रहों से प्राप्त तस्वीरों के आधार पर किए विश्लेषण के मुताबिक युद्ध के शुरुआती दौर में अमेरिका ने द्वीप पर कई ठिकानों पर हमला किया था, जिनमें हवाई सुरक्षा, एक रडार साइट, एक हवाई पट्टी और एक होवरक्राफ्ट बेस शामिल थे।

## ईरान के शासन को कुचल रहा है इजराइल : नेतन्याहू



**यरूशलम/भाषा।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि उनका देश ''ईरान में शासन को पूरी ताकत से कुचल रहा है'' और यह भी कहा कि तेहरान के खिलाफ इजराइली हमला वहां के लोगों के खिलाफ नहीं है। नेतन्याहू ने कहा, ''मैं आपको लगातार बताता रहता हूं कि हम ईरान में आतंकवादी शासन को कुचल रहे हैं। लेकिन हम यह और भी अधिक जोरदार तरीके से कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''कल हमारे पायलटों ने ईरानी वायुसेना के अड्डे पर परिवहन विमानों और दर्जनों हेलीकॉप्टरों को नष्ट कर दिया। आज उन्होंने रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली रेल पटरियों और पुलों पर हमला किया। वे इनका इस्तेमाल हथियारों के लिए कच्चे माल, हथियारों और उन लोगों को ले जाने के लिए करते हैं जो हम पर, अमेरिका पर और इस क्षेत्र के देशों पर हमला करते हैं। ये वही लोग हैं जो ईरानी जनता पर भी अत्याचार करते हैं।'' नेतन्याहू ने कहा, ''ये कार्रवाइयां, जिन्हें मैंने रक्षा मंत्री के साथ मिलकर मंजूरी दी है, ईरानी जनता पर हमला करने के इरादे से नहीं की गई हैं।''



## 'नफरत और विभाजन' की राजनीति करते हैं मोदी : खरगे

**कोलकाता/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आरोप लगाया कि वह ''समुदायों के बीच नफरत और विभाजन की राजनीति पर फलते-फूलते हैं'' और 'धार्मिक ध्रुवीकरण के आधार पर बंगाल में सत्ता हासिल करना चाहते हैं।'

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए खरगे ने कहा कि मतदाताओं के पास तीन विकल्प हैं-तृणमूल कांग्रेस का भ्रष्टाचार आधारित प्रशासन, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नफरत और ध्रुवीकरण की राजनीति तथा कांग्रेस का कल्याण, रोजगार और सुधार केंद्रित मॉडल। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी समुदायों के बीच नफरत और विभाजन को बढ़ावा देते हैं। वह ध्रुवीकरण के आधार पर सत्ता हथियाना चाहते हैं। लोगों को अल्पकालिक राजनीति और दीर्घकालिक प्रगति में से किसी एक को चुनना होगा।''

खरगे ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पश्चिम बंगाल में 15 साल सत्ता में रहने के बावजूद राज्य में विकासात्मक बदलाव लाने में विफल रही।

उन्होंने कहा कि (तृणमूल शासन में) न तो राज्य के पास स्थिति को बदलने की कोई योजना है और न ही भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने खोखली बातों के अलावा इस बारे में कुछ किया है।

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**दोषी कौन ?**

घोषित अयोग्य जन प्रतिनिधि यदि,
दोषी जनमत या दल सुजान।
आखिर कब होगा सदनों में,
सच्ची शुचिता का प्रावधान।
कानून खिलौना है सबका,
इसलिए खिलंदड़ सब बयान।
हरदम क्यों दिखता लुंजपुंज,
डेमोक्रेसी में संविधान।।

# बीकाणा कांग्रेस में जात-पांत का उठा चक्रवात 'हाथ' के लिए घातक न हो जाए !

बाल मुकुंद जोशी
dakshinbharat.com

जयपुर। बीकाणा कांग्रेस में उठे जातिवाद के चक्रवात ने अब तूफान का रूप ले लिया है और फिलहाल इसके थमने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे। हालात ऐसे हैं कि अगर यह सियासी आंधी यूं ही चलती रही तो आने वाले चुनावों में पश्चिम राजस्थान और शेखावाटी की कई सीटों पर 'हाथ' खुद ही अपनी पकड़ ढीली करता नजर आ सकता है। स्वर्गीय रामेश्वर डूडी के समर्थकों और गोविंद राम मेघवाल के खेमों के बीच सड़क पर जो 'लोकतांत्रिक कुश्ती' हुई, उसने यह साफ कर दिया कि पार्टी के अंदर संवाद कम और दंगल ज्यादा मचा है। हाल


रामेश्वर डूडी


गोविंद राम मेघवाल

यह है कि प्रदेश कांग्रेस के कथित निर्देश भी दोनों पक्षों के जोश के आगे ऐसे उड़ गए जैसे आंधी में पोस्टर।

राजस्थान में सत्ता गंवाने के बाद उम्मीद थी कि कांग्रेस आत्ममंथन करेगी, लेकिन यहां तो 'आत्ममंथन' की जगह 'आंतरिक मंथन युद्ध' चल रहा है। विपक्ष में बैठकर सरकार को घेरने की बजाय, नेता अपने-अपने सामाजिक समीकरणों की गिनती में उलझे हुए हैं मानो चुनाव नहीं, जातीय जनगणना की प्रैक्टिस चल रही हो।

मेघवाल बनाम जाट खेमेबाजी अब सिर्फ संगठन की दीवारों तक सीमित नहीं रही, बल्कि सड़कों पर उतरकर यह संदेश दे रही है कि वर्ष 2028 का सत्ता का सपना फिलहाल 'अपनों के संघर्ष' में ही फंसा लगता है । अगर यही हाल रहा, तो कांग्रेस को विपक्ष में बैठकर सरकार को घेरने की जरूरत नहीं पड़ेगी, पार्टी के अपने ही लोग 'हाथ' की पकड़ ढीली करने के लिए काफी हैं। कुल मिलाकर, कांग्रेस की मौजूदा स्थिति कुछ यूं है, नारा भले ही 'एकता' का हो, लेकिन जमीन पर हर कोई अपनी-अपनी 'राजनीतिक जाति' का झंडा लेकर मैदान में उतर चुका है।



# देश को संपूर्ण खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत : सिंह चौहान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खाद्य सुरक्षा को महत्वपूर्ण बताते हुए मंगलवार को देश की संपूर्ण खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने फसलों का उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने, उत्पादन लागत कम करने और किसानों के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करने का आह्वान किया। वह यहां पश्चिमी राज्यों के लिए क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। चौहान ने कहा, देश की खाद्य सुरक्षा हमको सुनिश्चित करनी है। 140 करोड़ भारतीय हैं उनके लिए पर्याप्त खाद्यान्न चाहिए। उनके लिए अनाज, फल, सब्जियां, तिलहन, दलहन व दूध भी...सब चाहिए।

उन्होंने कहा,... क्योंकि आज के युग में हम किसी पर भी निर्भर नहीं रह सकते। प्रधानमंत्री का संकल्प है आत्मनिर्भर भारत। आज तो दुनिया की परिस्थितियां ऐसी हैं कि भोजन के लिए निर्भरता कदापि मंजूर नहीं है। हमें आत्मनिर्भर होना चाहिए। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि मुझको खुशी है कि गेहूं हो, चावल हो ..अन्न के तो हमारे भंडार भरे हैं। हालत यह है कि गेहूं व चावल में तो हमें विचार यह करना पड़ता है कि उसे रखे कहां? रखने की जगह नहीं है। तो हमने प्रगति बहुत की है लेकिन दलहन की कमी है। इसका हमें आयात करना पड़ता है। तेल का भी आयात करना पड़ता है।

उन्होंने कहा, अगर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करनी है तो दलहन में भी हमको आत्मनिर्भर होना है। तिलहन में भी आत्मनिर्भर होना है। कोई भी चीज ऐसी न हो जो हमें बाहर से मंगानी हो। संपूर्ण खाद्य सुरक्षा हमको सुनिश्चित करनी है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी आवश्यकता अपने किसानों से अपने देश में पूरी करेगा और केवल इतना ही नहीं प्रधानमंत्री का कहना है कि भारत विश्वबंधु भी है इसलिए हम दुनिया की जरूरत को पूरा करेंगे। कोरोना के समय में भी हमने पूरा किया और अब संकट के समय भी भारत दुनिया को खाद्यान्न आपूर्ति की क्षमता रखता है।

किसानों की आय बढ़ाने की बात करते हुए चौहान ने कहा, किसानों की आय बढ़ानी है, उनके जीवन स्तर को उठाना है और उनकी जिंदगी को भी आसान बनाना है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ और किसान उसकी आत्मा है। कृषि मंत्री के नाते मैं मानता हूं कि किसानों की सेवा हमारे लिए भगवान की पूजा है। किसानों की आय हम कैसे बढ़ा सकें इस दिशा में हमें कदम उठाने हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसानों की आय बढ़ाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए मिट्टी को स्वस्थ रखने को कृषि के विविधीकरण, नई वैज्ञानिक खेती तकनीकों को अपनाने और प्राकृतिक खेती की आवश्यकता है।

चौहान ने रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग के कारण मिट्टी की घटती उर्वरता पर चिंता व्यक्त की, और आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को सुरक्षित रखने को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान किया। नए बजट का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि राज्यों को उन योजनाओं के लिए अधिक धनराशि आवंटित करने की छूट दी गई है, जो उनके अपने क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से उपयोगी हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। इस सम्मेलन में राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, गोवा और महाराष्ट्र के कृषि मंत्री और अधिकारी, प्रगतिशील किसान और कृषि विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं।





# बाड़मेर में सीमा पार से आई 25 करोड़ रुपए की मेटाफेटामाइन ड्रग के साथ दो तस्कर गिरफ़्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध एक बड़ी सफलता हासिल कर अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से लाए गई करीब 5 किलोग्राम वजन की मेटाफेटामाइन ड्रग्स जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी इस खेप की सप्लाई देने जा रहे थे। जब्त की गई इस खेप की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 5 करोड़ रु प्रति किलोग्राम आंकी जा रही है, जिसके अनुसार कुल बरामदगी की कीमत 25 करोड़ रु है। एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि बाड़मेर सदर नाकेबंदी के दौरान बाड़मेर की तरफ से आ रही संदिग्ध ईको गाड़ी को रुकवाकर तलाशी ली गई, तो गाड़ी में बैठे आरोपियों के पास से 5 थैलियों में भरा कुल 4.980 किलोग्राम अवैध मेटाफेटामाइन बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सलमान पुत्र लालाखां और शंकरराम पुत्र रमेशराम मेघवाल निवासी सजन का पार, रामसर के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी सलमान ने खुलासा किया कि उसने यह माल पाकिस्तान के थार पारकर जिले के निवासी मसात नामक व्यक्ति से अंतरराष्ट्रीय सीमा पर प्राप्त किया था। आरोपी के मोबाइल की जांच करने पर पाकिस्तानी नंबरों से व्हाट्सएप चैट और नशीले पदार्थ की प्राप्ति के रूप में भेजे गए वीडियो भी मिले हैं।

ड्रग तस्कर सलमान खान और शंकर राम ने पूछताछ में अंतरराष्ट्रीय तस्करी के एक बेहद गोपनीय और चौंकाने वाले नेटवर्क का खुलासा किया है। मुख्य आरोपी सलमान ने कुबूला है कि वह पिछले छह महीनों से पाकिस्तान के नीमला गांव निवासी हैंडलर मसाद के सीधे संपर्क में था। यह संपर्क उसके गांव के ही रहीम खान ने करवाया था, जो मसाद का रिश्तेदार बताया जा रहा है। पाकिस्तानी हैंडलर ने सलमान की आर्थिक स्थिति का फायदा उठाकर उसे मोटे मुनाफे का लालच दिया और डेड ड्रॉप पद्धति से तस्करी के धंधे में धकेल दिया।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एमएन ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि तस्करी का यह पूरा खेल पूरी तरह डिजिटल और लोकेशन आधारित है।पाकिस्तानी हैंडलर मसाद बॉर्डर पार से व्हाट्सएप कॉल के जरिए गूगल मैप्स की लोकेशन भेजता था। ये लोकेशन अक्सर बीएसएफ बॉर्डर के पास प्रतिबंधित क्षेत्रों या सुनसान खेजड़ी के पेड़ों के नीचे की होती थीं। आरोपी सलमान को उन चिन्हित स्थानों पर जाकर जमीन खोदनी पड़ती थी, जहां से उसे मादक पदार्थ के पैकेट मिलते थे। इसी तरह, काम पूरा होने के बाद उसका मेहनताना भी किसी गुप्त लोकेशन पर जमीन में दबाकर रखा जाता था, जिसे वह फोन पर मिली सूचना के आधार पर प्राप्त करता था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने भुगतान के तरीके का खुलासा करते हुए बताया कि उसका एयरटेल पेमेंट बैंक में एक खाता है, जिसमें पाकिस्तानी हैंडलर मसाद ने किस्तों में पैसे डलवाए थे। खाते में सीधे पैसे आने के कारण आरोपी लालच में आ गया और तस्करी के नेटवर्क में गहराई से जुड़ गया। सिर्फ बैंक ट्रांसफर ही नहीं, बल्कि बड़े काम के बदले भारी मेहनताना भी नकद रूप में गुप्त लोकेशन पर जमीन में दबाकर दिया जाता था। आरोपी ने बताया कि तीन महीने पहले लोकेशन पर गाड़े गए पैकेट को चिन्हित स्थान पर पहुंचाने के बदले उसे बड़ी राशि भी जमीन में गड़ी हुई मिली थी। इसी तरह आज जो पांच पैकेट लेकर आया है, यह मसाद की भेजी हुई लोकेशन बॉर्डर से 250 मीटर दूर एक पेड़ के नीचे से 4 अप्रेल को खोद करके लाया है। जमीन के नीचे पीले कलर के प्लास्टिक के कट्टे में उसे पांच पैकेट मिले थे।

आरोपी ने यह भी बताया कि हैंडलर मसाद ने 5-6 साल पहले बाड़मेर के सीमावर्ती इलाकों जैसे भभूतियों की ढाणी और आस पास की ढाणियों में माल डिलीवर किया था। यह पूरा नेटवर्क इतना गोपनीय था कि एक हाथ को दूसरे की खबर नहीं होती थी और काम पूरा होते ही मोबाइल से लोकेशन और चैट डिलीट कर दी जाती थी। पुलिस अब सलमान के व्हाट्सएप चैट, बैंक ट्रांजेक्शन और उसके मददगार रहीम खान की तलाश में जुटी है, ताकि सरहद पार से चल रहे इस लोकेशन आधारित तस्करी मॉड्यूल को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सके।

एडीजी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी के मामले में गिरफ्तार आरोपियों सलमान खान और शंकर राम ने पूछताछ के दौरान चौंकाने वाले गंभीर खुलासे किए हैं। आरोपियों ने स्वीकार किया है कि सीमापार से केवल मादक पदार्थों की ही नहीं, बल्कि भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और अवैध हथियारों की तस्करी भी होती रही हैं। इस इनपुट के बाद राजस्थान एटीएस, एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स और बाड़मेर पुलिस के साथ-साथ खुफिया एजेंसियां भी पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई हैं।



# असम चुनाव में हार के डर से बौखलाई भाजपा : अशोक गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि वह असम चुनाव में हार के डर से बौखला गई है। असम पुलिस की टीम के मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के आवास पर पूछताछ के लिये पहुंची थी। गहलोत ने इस पर कटाक्ष करते हुए यह बात कही। उन्होंने एक बयान में कहा, 'असम चुनाव में हार के डर से भाजपा बौखला गई है। भाजपा की सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि वह लोकतंत्र के बजाय पुलिस और सरकारी एजेंसियों के पीछे छिपकर वार करती है।'

उन्होंने कहा, 'आज असम पुलिस का जिस तरह दुरुपयोग कर कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा के आवास पर छापेमारी की गई है, वह कायराना हरकत है। पर कांग्रेस को इन सब पैंतरों से डराया नहीं जा सकता, असम पुलिस, सीबीआई, ईडी का डर दिखाने से कांग्रेस के दिलेर लोगों को कोई फर्क नहीं पड़ता है।' पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'असम की जनता सब देख रही है। वे जान चुके हैं कि भाजपा सिर्फ नफरत फैलाना और डराना जानती है। जल्द ही असम की जनता इस तानाशाही सरकार को माकूल जवाब देगी।'

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा ने भी इस मुद्दे को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा,'भाजपा की राजनीति सिर्फ और सिर्फ डराओ, धमकाओ, एवं संस्थाओं के दुरुपयोग से विपक्षी दलों के नेताओं का दमन कर सच को छिपाओ की रह गई है।' उन्होंने कहा,'...लेकिन कांग्रेस का हर कार्यकर्ता मजबूती से खड़ा है। न डरेंगे, न झुकेंगे, सच्चाई के लिए डटकर मुकाबला करेंगे।'



# विश्व नवकार महामंत्र दिवस पोस्टर का किया लोकार्पण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को विधान सभा में विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर प्रकाशित पोस्टर का लोकार्पण किया। इस पोस्टर का प्रकाशन जीतो जयपुर की विभिन्न शाखाओं ने संयुक्त रूप से किया है। इस अवसर पर जयपुर ग्रेटर नगर निगम के निवर्तमान उप महापौर पुनीत कर्णावट के नेतृत्व में जीतो जयपुर के प्रतिनिधिमंडल ने विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को 9 अप्रैल को जयपुर के मालवीय नगर के आचार्य तुलसी मार्ग स्थित अणुविभा केन्द्र में आयोजित होने वाले विश्व नवकार महामंत्र दिवस के भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल में जीतो जयपुर चैप्टर की चेयरपर्सन श्रीमती सलोनी जैन, महामंत्री हितेश भांडिया, कार्यक्रम संयोजक देवांग शाह और पुष्पेश कांकरिया उपस्थित थे। इस मौके पर जीतो जयपुर के प्रतिनिधियों ने बताया कि अणुविभा केन्द्र में विश्व नवकार महामंत्र दिवस जयपुर में विराजित आचार्य, साधु एवं साध्वीगण के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में राष्ट्र संत आचार्य सुन्द्रर सागर महाराज सहसंघ, आचार्य शशांक सागर महाराज सहसंघ, अणुव्रत आचार्य महाश्रमण के सुशिष्य मुनि तम्बरूचि और सुधाकर कुमार ठाणा तथा साध्वी मणिप्रभा साध्वी वृंद उपस्थित रहेंगे। नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के माध्यम से विश्व में शांति, सद्भाव एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का आह्वान किया जाएगा।

# कृषि क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहा राजस्थान : मुख्यमंत्री

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को कहा कि राजस्थान सरकार किसानों के हितों के लिए निरंतर काम कर रही है और कृषि क्षेत्र में प्रदेश नई ऊंचाइयां छू रहा है। मुख्यमंत्री यहां पश्चिम क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'हमारी 'डबल इंजन' सरकार किसान हितों के लिए निरंतर कार्य कर रही है।' आधिकारिक बयान के अनुसार किसानों को अब पारंपरिक तरीकों के स्थान पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है जिससे कृषि, नौकरी और व्यापार से भी अधिक लाभकारी बन सके। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग पर चिंता जताते हुए मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार खाद प्रयोग करने और भविष्य की पीढ़ियों के लिए भूमि की उर्वरता बनाए रखने की अपील की। कृषि के साथ पशुपालन को जोड़ने पर विशेष बल दिया ताकि प्राकृतिक खाद की उपलब्धता बढ़े और लागत में कमी लाकर किसानों की आय को बढ़ाया जा सके।

# राजस्थान में तापमान सामान्य से नीचे, फलोदी में 42.2 मिलीमीटर बारिश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पश्चिमी विक्षोभ के असर से बीते चौबीस घंटे के दौरान राजस्थान में कई जगह हल्की से मध्यम बारिश हुई। इस दौरान जोधपुर जिले के फलोदी में सबसे अधिक 42.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार लगातार बारिश, बादल छाए रहने से पूरे राज्य में तापमान भी सामान्य से नीचे बना हुआ है। मंगलवार सुबह तक के चौबीस घंटे के दौरान चित्तौड़गढ़ में अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस व नागौर में न्यूनतम तापमान 16.7 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अनुसार आज मंगलवार को भी जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर व उदयपुर, कोटा संभाग के कुछ भागों में बादल छाए रहने के साथ मध्यम से तेज बारिश होने की प्रबल संभावना है। इस दौरान जयपुर संभाग व शेखावाटी क्षेत्र के कुछ भागों में 30 से 50 मिलीमीटर तक बारिश हो सकती है तथा कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की भी चेतावनी दी गई है। इसी तरह बुधवार को भरतपुर, जयपुर संभाग के उत्तरी भागों में हल्की बारिश होने व शेष अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने का पूर्वानुमान है। वहीं नौ अप्रैल से आगामी 4-5 दिन तक अधिकांश भागों में मौसम के मुख्यतः शुष्क रहने तथा 10 अप्रैल से तापमान में तीन-चार डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी होने की संभावना है।



# 'इण्डियन फुटबाल लीग' का शुभारंभ

जयपुर/दक्षिण भारत। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने मंगलवार को विद्याधर नगर स्थित स्टेडियम में राजस्थान यूनाईटेड फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित 'इण्डियन फुटबाल लीग' का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन और मन लिए खेल जरूरी है। उन्होंने खेलो इंडिया के तहत भारतीय खेलों के प्रोत्साहन के लिए किए जा रहे प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया। बागड़े ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे फुटबॉल खिलाड़ियों को खेल में उम्दा प्रदर्शन कर अपनी टीम को विजयी बनाने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि फुटबॉल तेजी से विश्व का सबसे लोकप्रिय खेल बनता जा रहा है। इसका इतिहास दो हजार साल से अधिक पुराना है। राज्यपाल ने कहा कि आधुनिक फुटबॉल का जन्म 19वीं सदी में इंग्लैंड में हुआ। अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल संघ (फीफा) की स्थापना 1904 में फ्रांस की राजधानी पेरिस में हुई। इसके संस्थापक सदस्यों में बेल्जियम, फ्रांस, डेनमार्क, नीदरलैंड, स्पेन, स्वीडन और स्विट्जरलैंड शामिल थे। पेरिस में 1900 में हुए विश्व कप के बाद हर विश्व कप में यह खेल खेला गया है। महिलाओं की प्रतियोगिता को अटलांटा 1996 के खेलों में शामिल किया गया था।

राज्यपाल ने भारत में फुटबॉल खेल के इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि भारत में महिला फुटबॉल की 1990 के दशक में शुरुआत हुई। पुरुषों के खेल की तरह ही, महिलाओं के खेल में भी शुरुआती खिलाड़ी पश्चिम बंगाल राज्य से थीं।

# सलूम्बर में रहस्यमयी बीमारी से बच्चों की मौत, जांच के लिए विशेषज्ञों की टीम गठित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के सलूम्बर जिले के दो गांवों में रहस्यमयी बीमारी से पांच बच्चों की मौत के मामले में राज्य सरकार ने विशेषज्ञों की टीम गठित कर जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, आरएनटी मेडिकल कॉलेज-उदयपुर के चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम बनाकर प्रभावित गांवों में भेजा गया है, जो मामले की गहन जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। विशेषज्ञों की यह टीम बच्चों की मौत के कारणों का पता लगाने के साथ ही बीमारी की रोकथाम के उपाय भी सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को तत्काल स्थिति की जानकारी जुटाने, मौत के कारणों का पता लगाने और आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार रात वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मामले की समीक्षा की और संबंधित विभागों को प्रभावित क्षेत्रों की लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए।



# अनियमितताओं के मामलों में दोषियों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई : गौतम कुमार दक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने निर्देश दिए कि अधिकारी-कर्मचारी पूरे मनोयोग से प्रयास कर विभागीय कार्यों, योजनाओं एवं गतिविधियों में अपेक्षित लक्ष्य अर्जित करें। जिन जिलों में प्रगति अपेक्षाकृत कम है, उन पर विशेष रूप से फोकस किया जाए। उन्होंने कहा कि अनियमितताओं के मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दक मंगलवार को शासन सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेन्स हॉल में वीसी के माध्यम से आयोजित सहकारिता विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सहकारिता क्षेत्र में विश्व की वृहत अन्न भण्डारण योजना के अंतर्गत बन रहे 500 मीट्रिक टन क्षमता के गोदामों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण हो तथा इनका पूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाए। गोदामों को किराये पर देने के लिए जिला स्तर पर मापदण्ड तय किए जाएं। उन्होंने कस्टम हायरिंग सेंटर्स की स्थापना में भी तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों और सहकारी समितियों को इन सेंटर्स से मिलने वाले लाभ का आकलन किया जाए। साथ ही, कस्टम हायरिंग सेंटर पर उपलब्ध उपकरणों के उपयोग का भी पूरा डेटा तैयार किया जाए।

सहकारिता मंत्री ने पैक्स कम्प्यूटराइजेशन के कार्य में गति लाकर शेष रही सभी समितियों को शीघ्र गो-लाइव करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में प्रगति कम है, उनकी सतत मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही, गो-लाइव के कार्य में सहयोग नहीं करने वाली समितियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। दक ने जिला प्रभारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर पैक्स स्तर तक विभिन्न कार्यों की जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनियमितताओं के मामलों में जो समितियां रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं करवा रही हैं, उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाकर रिकॉर्ड प्राप्त किया जाए। दक ने सहकारी भूमि विकास बैंकों के बकाया ऋणों की वसूली पर बल देते हुए वसूली कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# यूडीएफ को केरल विधानसभा चुनाव में मिलेगा दो-तिहाई बहुमत : शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने मंगलवार को केरल के सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ अंदरूनी साठगांठ' करने का आरोप लगाते हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को दो-तिहाई बहुमत मिलने का अनुमान व्यक्त किया। शिवकुमार ने कहा, ''हमारे कुछ मंत्रियों, विधायकों और मैंने केरल में चुनाव प्रचार किया है। हमें पूरा भरोसा है कि हम (यूडीएफ) वहां दो-तिहाई बहुमत हासिल कर लेंगे। लोग एलडीएफ के 10 साल के शासन से तंग आ चुके हैं क्योंकि कोई प्रगति नहीं हुई है और राज्य को आर्थिक रूप से भी काफी नुकसान हुआ है।''

केरल से लौटने पर उन्होंने यहां पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि एलडीएफ की भाजपा के साथ ''अंदरूनी साठगांठ' है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय यात्रा बंदिशों के कारण विदेश में रहने वाले मतदाता मतदान करने नहीं आ पा रहे हैं।

शिवकुमार ने कहा, सर्वेक्षणों से पता चला है कि वे (विदेश में रहने वाले केरलवासी) यूडीएफ को वोट देंगे, इसलिए उनके मतदान में भाग लेने के लिए कोई विशेष उड़ान की व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद कांग्रेस और यूडीएफ मिलकर काम कर रहे हैं एवं जीत हासिल करेंगे। शिवकुमार ने यह भी बताया कि उन्होंने केरल में 14 चुनावी कार्यक्रमों में भाग लिया। केरल की 140 सदस्यीय विधानसभा के लिए नौ अप्रैल को एक ही चरण में चुनाव होंगे।

कर्नाटक की दो विधानसभा सीट के उपचुनाव में कांग्रेस की जीत को लेकर विश्वास जताते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने बागलकोट और दावनगेरे दक्षिण दोनों जगहों पर प्रचार किया है और लोग सरकार के कार्यक्रमों से खुश हैं। बागलकोट और दावणगेरे दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों में नौ अप्रैल को उपचुनाव होंगे। ये उपचुनाव क्रमशः वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एच वाई मेती और शमनूर शिवशंकरप्पा के निधन के कारण कराये जा रहे हैं।

ऑटो और वाणिज्यिक एलपीजी की कमी के मुद्दे पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में, शिवकुमार ने कर्नाटक से ताल्लुक रखने वाले केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी से राज्य की मदद करने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया, पश्चिम एशिया से गैस से भरे दो जहाज भारत आए; वे सीधे गुजरात क्यों गए? दक्षिण भारत के लिए वे हमारे मंगलूरु, केरल या चेन्नई बंदरगाह क्यों नहीं गए? वह (भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार) केवल उत्तर भारत पर ध्यान दे रही है, दक्षिण को भूल गई है। चूंकि दक्षिण भारत में उसका (भाजपा का) कोई आधार नहीं है, इसलिए वह राजनीति कर रही है।



मंगलवार को दावणगेरे विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव में प्रचार करते हुए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार।

## कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन का जवाब समय ही देगा : डीके शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के बाद राज्य को नया मुख्यमंत्री मिलेगा या नहीं, यह तो समय ही बताएगा। बागलकोट और दावणगेरे दक्षिण विधानसभा सीटों पर नौ अप्रैल को उपचुनाव होंगे। वरिष्ठ कांग्रेस विधायकों एच.वाई. मेती और शमनूर शिवशंकरप्पा के निधन के कारण ये उपचुनाव कराए जा रहे हैं। शिवकुमार ने उपचुनाव के बाद उनके मुख्यमंत्री बनने और नेतृत्व परिवर्तन होने के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में पत्रकारों से कहा, ''आप इसकी चिंता क्यों कर रहे हैं? इसे मुद्दा बनाने की कोई आवश्यकता नहीं है... मैं पहले ही कह चुका हूं कि समय इसका जवाब देगा।'' मंत्री जमीर अहमद खान समेत कुछ नेताओं के इस बयान पर कि मौजूदा मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या 2028 तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे, शिवकुमार ने कहा, ''मैं दूसरों के बयानों पर टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। मैं पार्टी अध्यक्ष हूं... इस मामले पर या तो मुख्यमंत्री या मुझे बोलना होगा। हम दोनों के अलावा बाकी लोग जो कहेंगे, वह अप्रासंगिक है।'' अपने धैर्य के पीछे का राज पूछे जाने पर शिवकुमार ने जवाब दिया, ''समय इसका जवाब देगा।''

हाल ही में सिद्दरामय्या ने कहा था कि कांग्रेस सरकार दो और वर्षों तक सत्ता में रहेगी और वह राज्य के मुख्यमंत्री हैं। बीस नवंबर, 2025 को कांग्रेस सरकार के पांच वर्षीय कार्यकाल का आधा समय पूरा होने के बाद मुख्यमंत्री परिवर्तन की अटकलों के बीच सत्ताधारी पार्टी के भीतर नेतृत्व की खींचतान तेज हो गई है।

## डीआरडीओ प्रयोगशाला को बम से उड़ाने, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पोते के अपहरण की धमकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु में स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशाला 'गैस टर्बाइन अनुसंधान प्रतिष्ठान' (जीटीआरई) के कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाले कई ईमेल प्राप्त हुए हैं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, ईमेल मिलने के बाद परिसर को खाली कराया गया और पुलिस ने बम निरोधक दस्ते एवं अग्निशमन सेवा के साथ मिलकर वहां गहन तलाशी ली लेकिन कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि तमिल में लिखे गए ईमेल में दावा किया गया था कि परिसर में आईईडी लगाए गए हैं और वे अपराह्न करीब डेढ़ बजे फटेंगे।

अधिकारियों ने कहा कि मेल भेजने वाले ने यह चेतावनी भी दी थी कि तमिलनाडु के एक प्रभावशाली नेता के पोते का अपहरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेल में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के पोते इनबानिधि के अपहरण की साजिश की कथित तौर पर चेतावनी दी गई थी। अधिकारियों ने कहा कि ईमेल के जरिए ये धमकियां देने वाले आरोपी का पता लगाने के लिए केंद्रीय अपराध शाखा पुलिस ने जांच तेज कर दी है। उन्होंने कहा कि एहतियात के तौर पर शहर के रक्षा प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## ईंधन आपूर्ति में कुप्रबंधन से आजीविका का गंभीर संकट उत्पन्न हो रहा है : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कांग्रेस ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर कर्नाटक में रसोई गैस और ईंधन की आपूर्ति के कुप्रबंधन के कारण पूरी तरह से आजीविका संकट पैदा करने का आरोप लगाया, जिससे ऑटो चालकों, छोटे व्यवसायों और असंगठित क्षेत्र के कामगारों पर गंभीर प्रभाव पड़ा है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और पार्टी महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने एक संयुक्त बयान में आरोप लगाया कि पांच लाख से अधिक ऑटो चालक और लाखों छोटे होटल मालिक, विक्रेता और डिलीवरी कर्मचारी कीमतों में भारी वृद्धि, (ईंधन) आपूर्ति की कमी और केंद्र की कथित प्रशासनिक विफलता के कारण अभूतपूर्व कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

उन्होंने उन केंद्रीय मंत्रियों की जवाबदेही पर भी प्रश्न उठाये, जो कर्नाटक से संबद्ध हैं। उन्होंने अपने बयान में कहा, ''मोदी सरकार द्वारा एलपीजी और ईंधन व्यवस्था के घोर कुप्रबंधन के कारण कर्नाटक में आजीविका का गंभीर संकट पैदा हो गया है।''

कीमतों में आई तीव्र वृद्धि पर प्रकाश डालते हुए, बयान में कहा गया है कि ऑटो में प्रयुक्त होने वाली गैस की कीमतें मार्च में 58-61 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर कुछ ही हफ्तों में 105-120 रुपये प्रति लीटर हो गईं। नेताओं ने कालाबाजारी और आगामी चुनावों के बाद कीमतों में संभावित और अधिक वृद्धि को लेकर चिंता व्यक्त की।

## श्रृंगेरी विधानसभा क्षेत्र में डाले गए 279 खारिज डाक मतपत्रों के पुनः सत्यापन का निर्देश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने 2023 के चुनाव के दौरान श्रृंगेरी विधानसभा क्षेत्र में डाले गए 279 खारिज डाक मतपत्रों का पुनः सत्यापन कराने का निर्देश दिया है। अदालत ने यह भी कहा कि पुनः सत्यापन के नतीजे के आधार पर निर्वाचन अधिकारी (आरओ) को डाक मतपत्रों की पुनर्गणना करनी होगी और परिणाम घोषित करना होगा। न्यायमूर्ति आर. नटराज ने सोमवार को यह आदेश पारित किया। वह भाजपा के पराजित उम्मीदवार डी. एन. जीवराज की चुनाव याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें उन्होंने कांग्रेस के टी. डी. राजेगौड़ा की जीत को चुनौती दी थी। राजेगौड़ा ने 201 मतों से जीत हासिल की थी। हालांकि, अदालत ने राजेगौड़ा के वकील के अनुरोध पर इस आदेश पर दो सप्ताह के लिए रोक भी लगा दी है, ताकि वह इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दे सकें।

### संपत्ति की वापसी



बेंगलूरु के सिटी पुलिस कमिश्नर सीमांत कुमार सिंह ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस द्वारा बरामद की गई चोरी की संपत्ति को उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंपा।

# ज्ञान का उपयोग समाज के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए : राज्यपाल गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




बेंगलूरु। कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय के 12वें और 13वें दीक्षांत समारोह में छात्रों से समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए अपने ज्ञान का उपयोग करने का आह्वान किया। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा, आज स्नातक हो रहे छात्रों के लिए यह एक महत्वपूर्ण दिन है। आपने जो ज्ञान अर्जित किया है, वह केवल व्यक्तिगत उन्नति तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि समाज की सेवा में भी उपयोग होना चाहिए। ज्ञान का वास्तविक मूल्य तभी प्रकट होता है जब उसका उपयोग जनहित के लिए किया जाता है। ज्ञान विनम्रता लाता है, विनम्रता योग्यता लाती है, योग्यता समृद्धि लाती है और समृद्धि धर्म लाती है।

संस्कृत के महत्व का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि संस्कृत मात्र एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है। यह हमारी सभ्यता, संस्कृति और दर्शन की नींव है। वेद, उपनिषद और महाकाव्य संस्कृत में ही रचे गए हैं। संस्कृत की संरचनात्मक स्पष्टता इसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा विज्ञान के क्षेत्र में अत्यंत उपयोगी बनाती है। आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान को मिलाकर नवाचार और अनुसंधान में संलग्न होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां पूरी दुनिया मानसिक तनाव, पर्यावरणीय संकट, सामाजिक असंतुलन और मूल्यों के क्षरण जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है, वहीं भारतीय ज्ञान विरासत, संस्कृत साहित्य और संस्कृति के शाश्वत सिद्धांत, वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवन्तु सुखिनः मानवता को एक नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले वर्षों में कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय संस्कृत अध्ययन, अनुसंधान, पांडुलिपि संरक्षण, भारतीय ज्ञान परंपरा और अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा और प्राचीन ज्ञान तथा आधुनिक विज्ञान के बीच सेतु बनाने का प्रयास करेगा। हमारे शास्त्रों में उपलब्ध योग, आयुर्वेद, ध्यान, पारिस्थितिक संतुलन, परिवार व्यवस्था और नैतिक जीवन के सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने हजारों वर्ष पूर्व थे। आर्यभट, भास्करचार्य, चरक, सुश्रुत, कात्यायन और पाणिनि जैसे महान विद्वानों का योगदान यह दर्शाता है कि संस्कृत वैज्ञानिक और बौद्धिक अन्वेषण का एक शक्तिशाली माध्यम है। विशेष रूप से, पाणिनि की व्याकरण प्रणाली विश्लेषणात्मक सटीकता का एक अद्भुत उदाहरण है और आधुनिक भाषाविज्ञान और गणनात्मक अध्ययनों में भी इसकी सराहना की जाती है।

इस अवसर पर, परम पूज्य श्री भिक्षु आनंद थेरा, डॉ. श्रीमती पुट्टा दीक्षित, डॉ. व्यासन केरे प्रभांजनचार्य, डॉ. निर्मलानंदनाथ स्वामी, प्रो. शिंगप्पा एच.एम. और प्रो. सुकांत कुमार सेनापति को धर्म और संस्कृति के संवर्धन तथा सामाजिक सेवा में उनके योगदान के लिए मानद उपाधियाँ प्रदान की गईं। राज्यपाल ने उन्हें बधाई दी और उनके दीर्घायु और भविष्य में उनकी सेवा के लिए शुभकामनाएँ दीं। राज्यपाल ने कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की और संस्कृत अध्ययन, अनुसंधान और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में इसे और अधिक ऊंचाइयों पर पहुंचने की कामना की। इस मौके पर सांसद सी.एन. मंजुनाथ, अहल्या के कुलपति और अन्य गणमान्य व्यक्ति समारोह में उपस्थित थे।

## यशवंतपुर-दानापुर-बेंगलूरु कैंटोनमेंट के बीच ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों का परिचालन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए, दक्षिण पश्चिम रेलवे ने यशवंतपुर-दानापुर-बेंगलूरु कैंटोनमेंट स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन प्रत्येक दिशा में एक फेरे के लिए करेगा। ट्रेन संख्या 06579 यशवंतपुर-दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 20 अप्रैल सोमवार को सुबह 07:00 बजे यशवंतपुर से प्रस्थान करेगी और बुधवार को दोपहर 01:15 बजे दानापुर पहुंचेगी। वहीं वापसी में ट्रेन संख्या 06580 दानापुर - बेंगलूरु कैंटोनमेंट एक्सप्रेस स्पेशल यह ट्रेन 23 अप्रैल को गुरुवार को सुबह 10:30 बजे दानापुर से प्रस्थान करेगी और अगले शनिवार को रात 10:00 बजे बेंगलूरु कैंटोनमेंट पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में येलहंका, हिंदूपुर, धर्मावरम, धोने, महबूबनगर, काचेगुडा, काजीपेट, रामागुंडम, बल्हारशाह, नागपुर, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन,



बक्सर और आरा स्टेशन पर रुकेगी। इस ट्रे में कुल 19 कोच होंगे, जिनमें शामिल हैं: 2 -एसी 2-टियर कोच, 4 एसी 3-टियर कोच, 7 स्लीपर क्लास कोच, 4 जनरल सेकंड क्लास कोच और 2 लगेज/ब्रेक वैन होंगे।

एसएमवीटी बेंगलूरु और दानापुर के बीच समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन


बेंगलूरु। दक्षिण रेलवे ने गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलूरु (एसएमवीबी) और दानापुर (डीएनआर) के बीच दोनों दिशाओं में दो-दो फेरों के लिए स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेनें चलाएगा। ट्रेन संख्या 06549 एसएमवीटी बेंगलूरु - दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल बेंगलूरु से 16 अप्रैल और 23 अप्रैल गुरुवार को रात 11:00 बजे रवाना होगी और अगले रविवार को सुबह 01:45 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 06550 दानापुर - एसएमवीटी बेंगलूरु एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दानापुर से 20 अप्रैल और 27 अप्रैल सोमवार को सुबह 08:15 बजे रवाना होगी और अगले बुधवार को सुबह 11:15 बजे एसएमवीटी बेंगलूरु पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में कृष्णराजपुरम, बंगारपेट, कुप्पम, जोलारपेट्टई, काटपाडी, रेनिगुंटा, गुडूर, नेल्लोर, ओंगोल, विजयवाड़ा, वारंगल, बल्हारशाह, चंद्रपुर, सेवाग्राम, नागपुर, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एक एसी 2-टियर कोच, तीन -एसी 3-टियर कोच, 6 स्लीपर क्लास कोच, 9 जनरल सेकंड क्लास कोच और 2 लगेज/ब्रेक वैन होंगे।

## आय से अधिक संपत्ति को लेकर आठ सरकारी अधिकारियों के आवास पर छापेमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक लोकायुक्त के अधिकारियों ने मंगलवार को आय से अधिक संपत्ति के आरोप में राज्य भर में आठ सरकारी अधिकारियों के खिलाफ एक साथ छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लोकायुक्त सूत्रों के अनुसार, सुबह कोडागु, बीदर और मैसूर सहित विभिन्न जिलों और विभागों में तैनात कम से कम आठ अधिकारियों के आवासों और कार्यालयों पर छापे मारे गए। कोडागु जिले में हरंगी बांध विभाग में तैनात सहायक कार्यकारी अभियंता आई. के. पुट्टास्वामी के परिसरों की तलाशी ली गई।

बीदर में नंदीनगर स्थित 'कर्नाटक वेटरनरी, एनिमल एंड फिशरीज साइंसेज यूनिवर्सिटी' (केवीएएफएसयू) के सेवानिवृत्त वित्त नियंत्रक सुरेश के. एल. के खिलाफ यह कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि बेल्लारी में मत्स्यपालन विभाग के सहायक निदेशक शिवन्ना के यहां भी छापे मारे गए। मैसूरु में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता किरण कुमार से जुड़े परिसरों की तलाशी ली गई। चित्रदुर्गा में सेवानिवृत्त लेखा सहायक सुशीलम्मा और मंगलूरु में सहायक औषधि नियंत्रक बाबू बी. एन. के परिसरों पर भी छापे मारे गए। इसी तरह शिवमोग्गा में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की जिला अधिकारी शोभा के. आर. और जिला शहरी विकास प्रकोष्ठ के सहायक कार्यकारी अभियंता अजय सिंह के यहां भी तलाशी ली गई। लोकायुक्त के एक अधिकारी ने कहा, आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के संदेह में कई अधिकारियों के खिलाफ आज सुबह समन्वित अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।



प्रचार

बागलकोट विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के दौरान मंगलवार को मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने पंचमशाली लिंगायत समुदाय के नेताओं के साथ आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लिया।

बेंगलूरु | बुधवार | 08-04-2026 www.dakshinbharat.com /dakshinbharat /dakshinbharat DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## सुविचार

कर्म ही पूजा है। फल की चिंता किए बिना अपना सर्वश्रेष्ठ देना ही सफलता की पहली शर्त है।


दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# पीड़ित परिवार को मिला इंसाफ

तूतीकोरिन के सथानकुलम में हिरासत में क्रूरतापूर्वक यातना देकर पिता-पुत्र को मौत के घाट उतारने वाले नौ पुलिसकर्मियों को मृत्युदंड सुनाए जाने से पीड़ित परिवार को इंसाफ मिला है। मदुरै की अदालत के इस फैसले के बाद आम लोगों का कानून पर भरोसा मजबूत हुआ है। अदालत का यह फैसला पीड़ित परिवार के घावों पर संतोष का मरहम लगाता है। साथ ही, ऐसे पुलिसकर्मियों को सख्त चेतावनी भी देता है, जो निर्दोष जनता पर अत्याचार करने में बड़प्पन महसूस करते हैं। पुलिस की वर्दी जनता की सेवा करने के लिए मिली है। यह लोगों को लूटने और पीटने का लाइसेंस नहीं है। जब रक्षक ही भक्षक बन जाएंगे तो देश का क्या होगा? पुलिसकर्मी भी इसी समाज का हिस्सा होते हैं। जब तक वे इस नौकरी में नहीं आते, उनका व्यवहार सामान्य होता है। जब नौकरी में चयन हो जाता है, वर्दी मिल जाती है, तब कई कर्मियों पर ऐसा कौनसा फितूर सवार हो जाता है कि वे आम आदमी को कुछ समझते ही नहीं? सोशल मीडिया पर ऐसे कई वीडियो देखने को मिलते हैं, जिनमें पुलिसकर्मी आम लोगों को पीटते, धमकाते, अपशब्द कहते, रिश्वत लेते नजर आते हैं। शक्ति का इतना नशा होना ठीक नहीं है। ऐसे पुलिसकर्मियों की वजह से पूरे विभाग की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है। पुलिस में नौकरी लगने का यह मतलब नहीं कि आप कोई वायसराय हो गए और अब चाहे जिसे मारें और चाहे जिसे छोड़ें। जो कर्मी ऐसा करता है, वह अपने लिए पापों की भारी गठरी तैयार करता है। वह भविष्य में उसे ही उठानी पड़ेगी। ऐसे कितने ही पुलिसकर्मियों की सत्य कथाएं सुनने को मिलती हैं, जिन्होंने कभी शक्ति के अहंकार में आकर लोगों पर खूब अत्याचार किए थे। एक दिन जब वक्त ने करवट ली तो सबकुछ खत्म हो गया। तब ऐसे पुलिसकर्मियों से किसी को सहानुभूति नहीं होती। लोग उनके उदाहरण देते हुए कहते हैं कि ये अपनी करनी का फल भोग रहे हैं।

मदुरै की अदालत का फैसला दिवंगत पिता-पुत्र की आत्मा को शांति देगा। हालांकि अभी लड़ाई बाकी है। ऐसे मामलों में आरोपी उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय चले जाते हैं। अगर वहां भी मृत्युदंड से कोई राहत न मिले तो राष्ट्रपति से क्षमादान की याचना करते हैं। इन सबमें कई साल लग सकते हैं। अगर ये पुलिसकर्मी सभी कानूनी विकल्प आजमाने के बाद आखिर में मृत्युदंड पा जाएं तो यह मामला देशभर में एक नजीर बन सकता है। इससे उन पुलिसकर्मियों और सरकारी कर्मचारियों को एक सबक मिलेगा, जो अपने अधिकारों का दुरुपयोग करते हैं। पुलिस का मुख्य काम है- लोगों की सुरक्षा करना और कानून के दायरे में रहते हुए अपराधियों को पकड़ना। पुलिसकर्मी को देखकर आम आदमी में सुरक्षा की भावना पैदा होनी चाहिए। वहीं, अपराधियों में डर का माहौल होना चाहिए। क्या ऐसा हो रहा है? अगर आजादी के इतने वर्षों बाद ऐसी पुलिस व्यवस्था है, जो आम आदमी में सुरक्षा की भावना पैदा नहीं कर सकी, तो यह अत्यंत दुर्भाग्य का विषय है। अगर आज अकेला आम आदमी रात को किसी पुलिसकर्मी को देखता है तो डरता है। अगर उस पर कोई मुसीबत आ पड़े और थाने जाना हो तो कई बार सोचता है और ऐसे व्यक्ति को ढूंढ़ता है, जिसकी वहां 'जान-पहचान' हो। फिनलैंड, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, जापान, स्विट्जरलैंड जैसे देशों में पुलिस पर आम लोग बहुत भरोसा करते हैं। वहां पुलिस भी जनता के साथ जुड़कर काम करती है। जनता के साथ सम्मानजनक व्यवहार करना अनिवार्य होता है। उच्च पारदर्शिता के लिए तकनीक का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। इसका नतीजा है- वहां अपराध बहुत कम हैं, जनता में सुरक्षा की भावना है और पुलिसकर्मियों का बहुत सम्मान है। जनवरी 2023 में अमेरिका के सिएटल में भारतीय मूल की एक छात्रा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। एक पुलिसकर्मी ने उसका मजाक उड़ाया था। उसकी यह हरकत ऑनलाइन रिकॉर्ड हो गई थी, जिसके सार्वजनिक होने पर भारी हंगामा खड़ा हो गया था। पुलिस विभाग ने उस कर्मी की हरकत को बहुत गंभीरता से लिया। उसकी जांच की और नौकरी से निकाल दिया। ऐसे पुलिसकर्मियों को समय पर कठोर दंड मिलना जरूरी है। इससे अन्य कर्मी अत्याचार करने से दूर रहेंगे।

## ट्वीटर टॉक



सिंगोली, मध्यप्रदेश में आयोजित श्री मज्जिनेन्द्र 1008 श्री आदिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव, विश्व शांति महायज्ञ में सम्मिलित होकर मन को असीम शांति तथा आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति हुई।

**-ओम बिरला**



विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर समस्त प्रदेशवासियों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि स्वास्थ्य सेवाएं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक सुलभता से पहुंचें और वो सिर्फ इसलिए इलाज करवाने से न कतराएं कि उसमें खर्चा बहुत है।

**-अशोक गहलोत**



नांगल मंडल में विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर आयोजित वार्ड 14 की वार्ड कार्यशाला में उपस्थित देवतुल्य कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई ।


**-दिया कुमारी**

## प्रेरक प्रसंग

### समय की सूझबूझ का साहस

कावेरी नदी में भयंकर बाढ़ आई हुई थी। दो-चार फुट जल और बढ़ने पर कृष्णराज सागर बांध क्षतिग्रस्त होने की आशंका थी, जिससे जन-धन की भारी तबाही हो सकती थी। विश्व प्रसिद्ध इंजीनियर विश्वेश्वरैया ने अपने अधीनस्थ सभी इंजीनियरों की आपात बैठक बुलाई और विचार-विमर्श किया कि जल के वेग को बढ़ने से कैसे रोका जाए। सभी इंजीनियर एक स्वर में बोले कि यदि बांध के सबसे नीचे लगे दरवाजे खोल दिए जाएं तो जल का वेग कम हो जाएगा। अब प्रश्न था, लबालब भरे बांध के नीचे जाकर दरवाजे खोले कौन? उसमें जान का जोखिम था। सब एक-दूसरे का मुंह ताकने लगे। इतने में मैकेनिकल इंजीनियर भालचंद्र पंत केतकर ने खड़े होकर विश्वेश्वरैया से कहा कि, 'श्रीमान! मझे आदेश दीजिए, मैं दरवाजे खोल सकता हूं।' पर ऐसा आदेश देने के लिए अपने होंठों को खोलना दरवाजे खोलने जितना ही कठिन था। अतः विश्वेश्वरैया कुछ कह न सके। किंतु केतकर बिना उत्तर मिले तीव्र गति से दरवाजे खोलने के लिए दौड़ पड़े। उनकी देखादेखी उनके पीछे नौ-दस जवान और दौड़ पड़े। सबने मिलकर सूझ-बूझ से दरवाजे खोल दिए।

## सामयिक



बंगाल में स्वतंत्र और निष्पक्ष कराना चुनाव आयोग के सामने बड़ी चुनौती है। यहाँ रक्तरंजित चुनाव से इंकार नहीं किया जा सकता। प्रमुख दलों ने अभी से बड़ी बड़ी रैलियों का आगाज कर प्रचार शरू कर दिया है। पार्टियों में रोज ही मारकाट होती है। एक दूसरे पर हमले हो रहे है। बीजेपी जिस तरह से ममता बनर्जी को हिंदुत्व के मुद्दे पर घेरने में जुटी है, उसके जवाब में ममता बनर्जी बंगाल की अस्मिता का मुद्दा बना सकती है।

# बंगाल में रक्तरंजित चुनाव की आहट

**बाल मुकुन्द ओझा**

**मोबाइल : 8949519406**

पश्चिम बंगाल में चुनाव की रणभेरी बज उठी है। पश्चिम बंगाल की कुल 294 विधानसभा सीटों के लिए होने वाला यह महासंग्राम दो चरणों में संपन्न होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को संपन्न होगा, जबकि दूसरे चरण की वोटिंग 29 अप्रैल को रखी गई है। चुनाव के नतीजे और मतगणना 4 मई को होगी, जिससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि बंगाल की सत्ता किसके पास जाएगी। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में सबसे ज्यादा और भीषण चुनावी संघर्ष बंगाल में होने जा रहा है। एसआइआर से लेकर अलग-अलग मुद्दों पर हिंसा हो रही है। तृणमूल के एक नेता ने स्टीम रोलर चलाकर मार डालने का भी बयान दिया है। नेताओं पर हमले शुरू हो चुके है। तृणमूल पर हिंसा भड़काने के आरोप है। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी कमान संभाल ली है। उनके दौरे शुरू हो चुके है। मोदी ने लोगों से बंगाल में ममता के जंगलराज को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने अपनी इन रैलियों में घुसपैठ तथा कानून व्यवस्था को भाजपा के मुख्य चुनावी मुद्दों के रूप में सामने रखा। यह चुनाव ममता और मोदी के मध्य सीधी जंग है। दोनों और से चुनाव की दुंदुभी बज़ चुकी है। तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के लिए यह करो और मरो का चुनाव है। दोनों ही पार्टियां साम दाम दंड भेद के साथ चुनावी संघर्ष में कूद चुकी है। ओवेसी और हुमायु कबीर का गठजोड़ इस बार मुस्लिम वोटों को ममता से छीनने के प्रयास में जुटा है जिसका सीधा नुकसान ममता की पार्टी को होगा। इसी बीच अभिनेता और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती ने कहा है कि यदि पार्टी जिम्मेदारी देती है तो वह पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बनने को तैयार हैं। उन्होंने ममता सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया और घुसपैठ व प्रशासनिक निष्पक्षता पर सवाल उठाए।

मतदान की तिथियां जैसे-जैसे नजदीक आ रही हैं वैसे वैसे भाजपा और टीएमसी के बीच सियासी टकराव बढ़ता ही जा रहा हैं। भाजपा ने विधानसभा चुनाव की सियासी जंग फतह करने के लिए अपना एजेंडा सेट कर लिया है तो टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी अपनी सत्ता को बचाए रखनी की कवायद में है। देश की सत्ता पर भाजपा तीसरी बार काबिज है, लेकिन बंगाल में अभी तक कमल नहीं खिल सका है। नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा को बंगाल में उम्मीद की किरण दिखाई दी है, जिसके चलते 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले ममता बनर्जी के सियासी दुर्ग में भाजपा अपनी सियासी बेस को बनाने की एक्सरसाइज शुरू कर दी है। बंगाल में एनडीए का मतलब भाजपा और इंडिया गठबंधन का अर्थ टीएमसी है। लोकसभा और विधान सभा में कांग्रेस और कम्युनिष्टों का सूपड़ा साफ़ हो चुका है। बंगाल में एनडीए का मतलब भाजपा और इंडिया गठबंधन का अर्थ टीएमसी है। लोकसभा और विधान सभा में कांग्रेस और कम्युनिष्टों का सूपड़ा साफ़ हो चुका है। ममता इंडिया में जरूर है मगर बंगाल के चुनाव में किसी भी सहयोगी पार्टी को पास फटकने नहीं दे रही है। एनडीए में भाजपा को छोड़कर किसी सहयोगी दल का अस्तित्व नहीं है। ऐसे में भाजपा और टीएमसी में सीधा मुकाबला होने जा रहा है । ममता बनर्जी अपनी सत्ता बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है तो भाजपा ममता की चालों को धराशाही करने के लिए कमर कस ली है। बंगाल का चुनाव बेहद दिलचस्प और धूम धड़ाके वाला होगा और पूरे देश की निगाह इस पर टिकी होंगी।

बंगाल में स्वतंत्र और निष्पक्ष कराना चुनाव आयोग के सामने बड़ी चुनौती है। यहाँ रक्तरंजित चुनाव से इंकार नहीं किया जा सकता। प्रमुख दलों ने अभी से बड़ी बड़ी रैलियों का आगाज कर प्रचार शरू कर दिया है। पार्टियों में रोज ही मारकाट होती है। एक दूसरे पर हमले हो रहे है। बीजेपी जिस तरह से ममता बनर्जी को हिंदुत्व के मुद्दे पर घेरने में जुटी है, उसके जवाब में ममता बनर्जी बंगाल की अस्मिता का मुद्दा बना सकती है। 2021 के विधानसभा चुनाव में भी ममता बनर्जी ने बीजेपी के हिंदुत्व पॉलिटिक्स के सामने मां, माटी और मानुष के भरोसे सियासी जंग फतह करने में कामयाब रहीं। बीजेपी 2026 के चुनाव में जिस तरह हिंदुत्व के मुद्दे को धार देने में जुटी है, उसके चलते माना जा रहा है कि ममता बनर्जी फिर से बंगाल अस्मिता वाले हथियार का इस्तेमाल कर सकती हैं। चुनावी ज्योतिषियों और न्यूज़ चैनलों के सर्वे के मुताबिक भाजपा ने इस बार अपनी स्थिति में सुधार किया है। भाजपा ममता को इस चुनाव में धराशाही करदे तो कोई आश्चर्य नहीं होगा।

## नजरिया

# ट्रम्प और अमेरिका : नेतृत्व बनाम भाषा की मर्यादा

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

वर्तमान समय में जब विश्व अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, चाहे वह युद्ध हो, आर्थिक संकट हो या पर्यावरणीय समस्याएं ऐसे में नेतृत्व की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। इन चुनौतियों का समाधान केवल शक्ति के प्रदर्शन से नहीं, बल्कि संवाद, सहयोग और समझदारी से ही संभव है। और संवाद की पहली शर्त है- मर्यादित भाषा। यदि संवाद ही कटु और अपमानजनक हो, तो सहयोग की संभावना कैसे विकसित हो सकती है? यह भी ध्यान देने योग्य है कि अपशब्दों का प्रयोग केवल तत्कालिक राजनीतिक लाभ के लिए किया जाता है, लेकिन उसके दीर्घकालिक दुष्परिणाम होते हैं।



लोकतंत्र केवल संस्थाओं, चुनावों और नीतियों का नाम नहीं है; वह एक जीवित संस्कृति है, जिसमें शब्दों का संयम, विचारों की गरिमा और व्यवहार की मर्यादा ही उसकी आत्मा बनती है। जब सत्ता के शिखर पर बैठे लोग अपनी वाणी का संतुलन खो देते हैं, तब उसका प्रभाव केवल राजनीतिक विमर्श तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज की चेतना, संवाद की संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं तक गहराई से उतर जाता है। सत्ताधीशों की मर्यादा का प्रश्न इसी गूढ़ सत्य से जुड़ा हुआ है कि सत्ता जितनी ऊँची होती है, उससे अपेक्षित आचरण उतना ही संयमित, संतुलित और सभ्य होना चाहिए। आज वैश्विक राजनीति में जिस प्रकार की भाषा और व्यवहार देखने को मिल रहा है, वह चिंता का विषय बनता जा रहा है। शब्द, जो कभी संवाद का सेतु होते थे, अब विभाजन की दीवार बनते जा रहे हैं। सार्वजनिक मंचों पर नेताओं द्वारा प्रयुक्त अपशब्द केवल व्यक्तिगत असंयम का परिचायक नहीं होते, बल्कि वे उस राष्ट्र की छवि को भी प्रभावित करते हैं, जिसका वे प्रतिनिधित्व करते हैं। जब कोई शक्तिशाली देश का नेता असंतुलित भाषा का प्रयोग करता है, तो उसका असर दूर-दूर तक फैलता है, वह अंतरराष्ट्रीय संबंधों में कटुता घोलता है, कूटनीतिक प्रयासों को कमजोर करता है और शांति की संभावनाओं को धूमिल करता है।

वाणी का प्रभाव केवल क्षणिक नहीं होता, वह दीर्घकालिक परिणाम उत्पन्न करता है। इतिहास गवाह है कि शब्दों ने युद्धों को जन्म दिया है और शब्दों ने ही शांति के द्वार भी खोले हैं। एक संयमित और सुसंस्कृत भाषा जहां आशा, विश्वास और सहयोग की भावना को जन्म देती है, वहीं कटु और अपमानजनक शब्द अविश्वास, घृणा और संघर्ष को जन्म देते हैं। जब किसी राष्ट्र का नेता सार्वजनिक रूप से दूसरे देश या उसके नागरिकों के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करता है, तो यह केवल एक बयान नहीं होता, बल्कि वह एक संदेश बन जाता है, एक ऐसा संदेश जो दोनों देशों के संबंधों में विष घोल सकता है। समकालीन संदर्भों में यह चिंता और भी गहरी हो जाती है, क्योंकि आज की दुनिया पहले से कहीं अधिक जुड़ी हुई है। सूचना का प्रवाह तीव्र है, और किसी भी नेता का बयान कुछ ही क्षणों में वैश्विक चर्चा का विषय बन जाता है। ऐसे में सत्ताधीशों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे अपनी वाणी को संयमित रखें। दुर्भाग्यवश, कुछ उदाहरण ऐसे सामने आते हैं जहां सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग इस मर्यादा का पालन नहीं कर पाते। उनके शब्दों में आक्रामकता, असहिष्णुता और असंवेदनशीलता झलकती है, जो न केवल उनके व्यक्तित्व को छोटा करती है, बल्कि उनके राष्ट्र की गरिमा को भी आहत करती है।

राजनीति में विरोध स्वाभाविक है, मतभेद भी आवश्यक हैं, क्योंकि इन्हीं के माध्यम से लोकतंत्र जीवंत रहता है। लेकिन विरोध और मतभेद का अर्थ यह नहीं कि संवाद की भाषा को दूषित कर दिया जाए। असहमति को अभिव्यक्त करने के लिए भी मर्यादित और शालीन भाषा का प्रयोग किया जा सकता है। जब नेता अपने विरोधियों के प्रति अपशब्दों का प्रयोग करते हैं, तो वे न केवल अपनी गरिमा को गिराते हैं, बल्कि अपने समर्थकों को भी उसी दिशा में प्रेरित करते हैं। इस प्रकार समाज में एक ऐसी प्रवृत्ति जन्म लेती है, जहां संवाद की जगह आरोप-प्रत्यारोप और अपमान का बोलबाला हो जाता है। सत्ताधीशों की भाषा समाज के लिए एक आदर्श का कार्य करती है। आम जनता अपने नेताओं को देखकर सीखती है, उनके शब्दों को दोहराती है और उनके व्यवहार को अपनाती है। यदि नेता संयमित और मर्यादित भाषा का प्रयोग करेंगे, तो समाज में भी संवाद की संस्कृति सुदृढ़ होगी। लेकिन यदि वे स्वयं ही असंयमित और आक्रामक भाषा का प्रयोग करेंगे, तो यह प्रवृत्ति समाज में भी फैल जाएगी। परिणामस्वरूप, सामाजिक सौहार्द्र कमजोर होगा, आपसी विश्वास कम होगा और संवाद की संस्कृति क्षीण होती जाएगी।

यह भी समझना आवश्यक है कि सत्ता का अर्थ केवल अधिकार नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व भी है। सत्ताधीशों के पास निर्णय लेने की शक्ति होती है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि वे उस शक्ति का प्रयोग किस प्रकार करते हैं। उनके शब्द, उनके निर्णय और उनका व्यवहार, ये सभी मिलकर उनकी नेतृत्व क्षमता को परिभाषित करते हैं। एक सच्चा नेता वही होता है, जो कठिन परिस्थितियों में भी संयम बनाए रखे, जो उकसावे के बावजूद अपनी भाषा की मर्यादा न छोड़े और जो अपने शब्दों के माध्यम से समाज को जोड़ने का कार्य करे, न कि तोड़ने का। आज आवश्यकता इस बात की है कि वैश्विक राजनीति में संवाद की एक नई संस्कृति विकसित की जाए, एक ऐसी संस्कृति, जिसमें असहमति हो सकती है, लेकिन असम्मान न हो, जिसमें आलोचना हो सकती है, लेकिन अपमान न हो, जिसमें प्रतिस्पर्धा हो सकती है, लेकिन कटुता न हो। यह तभी संभव है, जब सत्ताधीश स्वयं अपने आचरण से एक उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्हें यह समझना होगा कि उनके शब्द केवल उनके व्यक्तिगत विचार नहीं हैं, बल्कि वे उनके राष्ट्र की आवाज हैं।

वर्तमान समय में जब विश्व अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, चाहे वह युद्ध हो, आर्थिक संकट हो या पर्यावरणीय समस्याएं ऐसे में नेतृत्व की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। इन चुनौतियों का समाधान केवल शक्ति के प्रदर्शन से नहीं, बल्कि संवाद, सहयोग और समझदारी से ही संभव है। और संवाद की पहली शर्त है- मर्यादित भाषा। यदि संवाद ही कटु और अपमानजनक हो, तो सहयोग की संभावना कैसे विकसित हो सकती है? यह भी ध्यान देने योग्य है कि अपशब्दों का प्रयोग केवल तत्कालिक राजनीतिक लाभ के लिए किया जाता है, लेकिन उसके दीर्घकालिक दुष्परिणाम होते हैं। इससे समाज में ध्रुवीकरण बढ़ता है, लोगों के बीच विभाजन गहराता है और लोकतंत्र की मूल भावना कमजोर होती है। इसलिए यह आवश्यक है कि सत्ताधीश अपने अल्पकालिक लाभ से ऊपर उठकर दीर्घकालिक हितों को ध्यान में रखें और अपनी भाषा को संयमित रखें।

सत्ताधीशों की मर्यादा केवल एक नैतिक आग्रह नहीं, बल्कि एक सामाजिक आवश्यकता है। यह लोकतंत्र की आत्मा को सुरक्षित रखने का माध्यम है, यह समाज में सौहार्द्र और विश्वास को बनाए रखने का आधार है, और यह वैश्विक शांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जब सत्ता के शिखर पर बैठे लोग अपनी वाणी में संयम और मर्यादा का पालन करेंगे, तभी समाज में भी संवाद की संस्कृति सुदृढ़ होगी, और तभी लोकतंत्र अपनी वास्तविक सार्थकता को प्राप्त कर सकेगा। इसलिए समय की मांग है कि सत्ताधीश अपने शब्दों की शक्ति को पहचानें, उनकी जिम्मेदारी को समझें और अपनी भाषा को मर्यादित रखें। क्योंकि वास्तव में शब्द ही वह माध्यम हैं, जिनके द्वारा हम अपने विचारों को व्यक्त करते हैं, अपने संबंधों को बनाते हैं और अपने समाज की दिशा को निर्धारित करते हैं। यदि शब्द मर्यादित होंगे, तो समाज भी मर्यादित होगा और यदि शब्द संयमित होंगे, तो भविष्य भी संतुलित और समृद्ध होगा।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# वजन घटाने वाली दवाओं की आसान उपलब्धता से चिकित्सक एवं अधिकारी चिंतित

नई दिल्ली/भाषा। कीमतों में कमी आने के साथ ही जीएलपी-1 आधारित वजन घटाने वाली दवाओं के जेनेरिक संस्करण बाजार में आसानी से मिलने लगे हैं, जिससे चिकित्सक और अधिकारी चिंतित हैं। चिकित्सक के पर्चों पर ही मिलने वाली दवाएं अब बिना पर्चे के ही खरीदी जा सकती हैं और इनका इलाज के अलावा अन्य उपयोग भी बढ़ रहा है।

अपना वजन जल्दी घटाने के इच्छुक कई लोगों के लिए, त्वरित परिणामों का वादा सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर हावी हो रहा है। इस संबंध में महत्वपूर्ण कारकों- जैसे सही खुराक, संभावित दुष्प्रभाव और चिकित्सक की देखरेख की आवश्यकता- को नजरअंदाज किया जा रहा है। इसके बजाय, सोशल मीडिया पर गढ़ी जा रही कहानियां और जुबानी प्रचार के कारण ऐसी दवाओं की मांग बढ़ रही है। इससे एक समानांतर खुदरा नेटवर्क विकसित हो रहा है, जो विशेषज्ञों से सलाह की आवश्यक प्रक्रिया से गुजरे बिना इन दवाओं का उपयोग करने के लिए कुछ ग्राहकों की तत्परता का लाभ उठाने के लिए तैयार है।

उचित चिकित्सकीय परामर्श के साथ ही ऐसी दवाओं के इस्तेमाल की चेतावनी दिए जाने के बावजूद, ये बिना पर्चे के या ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

एक खुदरा विक्रेता ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि अनुसूची 'एच' की दवाएं केवल पर्चे के आधार पर ही बेची जानी चाहिए, लेकिन इन्हें दुकानों से प्राप्त करना मुश्किल नहीं है। उन्होंने कहा, कई मामलों में, फार्मासिस्ट पहली बार दवा बेचने के लिए पर्चे की मांग करते हैं, लेकिन दोबारा बेचने के लिए पर्चे की मांग नहीं करते।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि जीएलपी-1 आधारित वजन घटाने वाली दवाओं के कई दुष्प्रभाव होते हैं। इनमें मतली और उल्टी से लेकर गुर्दे की क्षति और आंत्र अवरोध जैसी गंभीर जटिलताएं शामिल हैं। भारत में, इन्हें केवल विशेषज्ञ चिकित्सक ही लिख सकते हैं। हाल ही में भारतीय बाजार में कई प्रकार की जीएलपी-1 दवाओं के आने और फार्मेसियों, ऑनलाइन मंचों, थोक विक्रेताओं और स्वास्थ्य क्लीनिकों के माध्यम से इनकी आसान उपलब्धता को लेकर चिंताएं बढ़ने के बाद, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने इनकी अनधिकृत बिक्री और प्रचार पर रोक लगाने के लिए अपनी नियामक निगरानी तेज कर दी है।

सरकार ने ऐसी गतिविधियों के खिलाफ सख्त जांच और निगरानी की चेतावनी दी है। दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ डक्टर सप्तर्षि भट्टाचार्य ने बताया कि तिरजेपाटाइड (मौंजारो) और सेमाग्लूटाइड (ओजेम्पिक) इंजेक्शन का पिछले एक दशक से अमेरिका और यूरोप में व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है, लेकिन ये भारत में पिछले साल पेश किए गए। उन्होंने कहा कि इनके बाजार में आने के बाद से, वजन कम करने और रक्त शर्करा नियंत्रण में सुधार करने में इनकी स्पष्ट प्रभावकारिता और सुरक्षा सिद्ध हुई है। हालांकि, इनकी बढ़ती लोकप्रियता ने दुरुपयोग को लेकर चिंताएं भी बढ़ा दी हैं।

इन दवाओं के इस्तेमाल से जुड़ी एक चिंता इनकी उच्च लागत थी, जिसके कारण इलाज का खर्च वहन कर सकने वाले कुछ ही मरीज़ इन दवाओं का उपयोग कर पाते थे। भट्टाचार्य ने बताया कि अब यह बाधा दूर हो रही है और पेटेंट की हाल ही में समाप्ति के बाद कई भारतीय कंपनियों ने इसके किफायती संस्करण पेश किए हैं।

## नृत्य



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी मंगलवार को उत्तर 24 परगना के बनगांव में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान लोक कलाकारों के साथ नृत्य करती हुईं।



# 'रफल दुनाली' में रेवती माहुरकर ने सबका ध्यान खींचा

मुंबई/एजेन्सी

मुंबई तेवर में हार्डी संधू के साथ अपनी धमाकेदार मौजूदगी से सबका ध्यान खींचने के बाद, और गुरु रंधावा के साथ क़तल के 200 मिलियन व्यूज़ का जश्न मनाने के बाद, डिजिटल सेंसेशन रेवती माहुरकर अब अपने नए गाने रफल दुनाली के साथ एक बार फिर लोगों को थिरकने के लिए तैयार हैं। इस नए ट्रैक में रेवती, प्रिंस नरूला के साथ एक बिल्कुल नए अंदाज़ में नजर आ रही हैंजहां हाई-एनर्जी दौड़ने के साथ देसी भारतीय रंग का तड़का भी है। गानों में पंजाबी म्यूज़िक की धुन और हरियाणवी लिरिक्स का स्वाद मिलकर ऐसा मस्तीभरा माहौल बनाते हैं, जो सीधे दिल और डांस फ्लोर दोनों पर असर करता है। लेकिन इस बार सबसे खास है रेवती का एक्सप्रेशन गेम। सिर्फ खूबसूरत दिखने तक सीमित रहने के बजाय, वे इस गाने में डांस के साथ-साथ इमोशन्स को भी पूरी तरह जिया है। ट्रेडिशनल इंडियन लुक में नजर आती रेवती ने स्क्रीन पर अपने एक्सप्रेशन्स का ऐसा रंग दिखाया है, जो उनके अंदर छिपे एक्शन की ताकत को साफ दिखता है। रेवती कहती हैं, रफल दुनाली मेरे लिए काफी अलग है। इसमें मासी और हाई-एनर्जी वाइब तो है ही, लेकिन सबसे ज्यादा एक्साइटमेंट मुझे परफॉर्म करने में आयालिप-सिंक करना, इमोशन्स दिखाना और एक देसी लुक में नजर आना। इस गाने में मैंने अपने एक्सप्रेशन्स को एक नए तरीके से एक्सप्लोर किया, जो मुझे बहुत पसंद आया। अब मैं चाहती हूं कि लोग मुझे सिर्फ म्यूजिक वीडियो तक लिमिटेड न देखें, बल्कि एक ऐसी परफॉर्मर के रूप में पहचानें जो एक्टिंग भी कर सकती है और किरदारों को जी सकती है। फिल्म प्रोड्यूसर्स के साथ बातचीत भी शुरू हो चुकी है, और साफ है कि रेवती माहुरकर अब एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रफल दुनाली उनके इस नए सफर की एक मजबूत और धमाकेदार शुरुआत साबित हो सकती है।

# राजपाल यादव की वित्तीय स्थिति के बारे में टिप्पणी के बाद सलमान खान ने उनका समर्थन किया

मुंबई/भाषा। मुंबई में एक पुरस्कार समारोह में अभिनेता राजपाल यादव की वित्तीय परेशानियों का मजाक उड़ाए जाने पर विवाद खड़ा होने के बाद अभिनेता सलमान खान ने मंगलवार को उनके प्रति समर्थन जताया।

यादव ने रविवार रात चेतक स्क्रीन अवॉर्ड्स में हिस्सा लिया, जहां प्रस्तोता सौरभ द्विवेदी ने अभिनेता से जुड़े नौ करोड़ रुपए के चेकबाउंस मामले पर टिप्पणी की। इस मामले में यादव को कुछ समय के लिए जेल जाना पड़ा था। बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

खान ने यादव के आधिकारिक हैंडल को टैग करते हुए कहा कि दिग्गज अभिनेता यादव लगभग 30 वर्ष से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं और अपनी अभिनय कला की वजह से फिल्म निर्माताओं के बीच उनकी भारी मांग रही।

खान ने लिखा, काम तो आपको बहुत मिलेगा और इसी डॉलर रेट पर मिलेगा और मिलता रहेगा। हकीकत ये है। उन्होंने कहा, और ये याद रखना कि कभी-कभी फ्लो में कुछ बातें निकल जाती हैं। आपको (पैसे) लौटाने ही हैं (जवाब मत दो), इसे ध्यान में रखो और दिल से काम करो। डॉलर ऊपर जाए या नीचे, इससे क्या फर्क पड़ता है, भुगतान तो भारत में ही होना है। यादव सलमान खान के साथ मुझसे शादी करोगी और पार्टनर जैसी फिल्मों में कर चुके हैं।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने फरवरी में चेक बाउंस मामले में और समय देने की यादव की याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। यह मामला 2012 में आई उनकी फिल्म अता पता लापता के लिए लिए गए पांच करोड़ रुपए के कर्ज से जुड़ा था, जो अब बढ़कर नौ करोड़ रुपए हो गया है। उन्हें अंतरिम जमानत मिलने से पहले लगभग 13 दिन तिहाड़ जेल में बिताने पड़े।

सौरभ द्विवेदी और कॉमेडियन जाकिर खान संयुक्त रूप से पुरस्कार समारोह का संचालन कर रहे थे। इस दौरान यादव ने अमेरिका-इजराइल के ईरान के खिलाफ युद्ध के कारण जारी तेल संकट और उससे वैश्विक मुद्रा में आए उतार-चढ़ाव पर बात की।

इस पर द्विवेदी ने टिप्पणी की, राजपाल भाई, डॉलर-रुपया कितना भी ऊपर-नीचे हो, आपको उतने ही पैसे लौटाने पड़ेंगे जितने उधार हैं। अभिनेता ने इस टिप्पणी को मुस्कुराते हुए नजरअंदाज कर दिया और कहा, मसला तो एक बार सुन लो, मैं तो मसला ही सुनाना चाहता हूं।

एक ओर स्थिति को शालीनता से संभालने के लिए सोशल मीडिया पर राजपाल यादव की तारीफ हुई, तो दूसरी ओर सौरभ द्विवेदी को उनकी टिप्पणी के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा।

हालांकि, यादव ने द्विवेदी का बचाव करते हुए लोगों से उनकी आलोचना न करने की अपील की। उन्होंने कहा, सौरभ और जाकिर खान मेरे छोटे भाइयों जैसे हैं। उन्होंने हमेशा मुझे सम्मान दिया है। हम कलाकार, पत्रकार और कहानीकार हमेशा एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं। और सौरभ ने ऑडिटोरियम में सभी को मेरे लिए खड़े होकर तालियां बजाने के लिए कहा। अभिनेता ने 'एक्स' पर लिखा, उनकी आलोचना मत कीजिए और उनके बारे में कुछ भी गलत मत लिखिए... उनका दिल मत दुखाइए। उनका दिल दुखाना मेरे दिल को दुखाने के बराबर है।

## दीक्षांत समारोह



मंगलवार को पटना के रवींद्र भवन में इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह के दौरान छात्र इकट्ठा हुए।

## प्रचार



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुयान शर्मा मंगलवार, 7 अप्रैल, 2026 को गुवाहाटी में असम विधानसभा चुनाव से पहले, जालुकबारी के तहत अज़ारा और धीरेनपारा के निवासियों से बातचीत करती हुईं।

# अभिनेत्री सोमी अली ने दिवंगत दिव्या भारती की ईमानदारी और बेबाकी को किया याद

मुंबई/एजेन्सी

अभिनेत्री सोमी अली ने 5 अप्रैल को दिवंगत सुपरस्टार दिव्या भारती की 33वीं पुण्यतिथि पर उन्हें सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि दी। अपनी दोस्त दिव्या को याद करते हुए अभिनेत्री ने उन्हें असाधारण प्रतिभा का प्रतीक बताया। 90 के दशक के एक फोटोशूट की दिव्या की तस्वीर साझा करते हुए सोमी ने लिखा, तुम्हें बहुत याद कर रही हूं! तुम्हारी आत्मा को शांति मिले, मेरी दोस्त। हमने एक खूबसूरत युवती और असाधारण प्रतिभा की प्रतीक को खो दिया। उन्होंने आगे कहा कि एक ईमानदार, बेबाक लड़की जो किसी की बकवास बर्दाश्त नहीं करती थी। खूबसूरत, साहसी और अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली... दिव्या भारती बहुत जल्दी चली गई।

दिव्या भारती की बात करें तो, यह युवा सुपरस्टार 90 के दशक के शुरुआती दौर में बॉलीवुड की सबसे होनहार अभिनेत्रियों में से एक थीं। उन्होंने बहुत कम उम्र में, कथित तौर पर किशोरावस्था में ही अपने करियर की शुरुआत की और 'दीवाना', 'शोला और शबनम', 'विश्वात्मा' जैसी सुपरहिट फिल्मों से जल्दी ही प्रसिद्धि हासिल कर ली।



दिव्या ने अपने छोटे से करियर में शाहरुख खान और ऋषि कपूर जैसे दिग्गजों के साथ काम किया। उन्होंने हिंदी और तेलुगु सिनेमा दोनों में अपनी एक लोकप्रिय पहचान बनाई। उनके लोकप्रिय गीतों में 'सात समुंदर पार' और 'ऐसी दीवानगी' शामिल हैं, जो आज भी चार्टबस्टर माने जाते हैं। निजी जीवन की बात करें तो दिव्या भारती ने 90 के दशक की शुरुआत में बहुत कम उम्र में ही फिल्म निर्माता साजिद नाडियाडवाला से शादी कर ली थी। एक चौंकाने वाली घटना में अभिनेत्री का 1993 में मुंबई स्थित अपने अपार्टमेंट की बालकनी से गिरने के बाद 19 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया।

# अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म 'चांद मेरा दिल' मई में रिलीज होगी

नई दिल्ली/भाषा। अनन्या पांडे और लक्ष्य अभिनीत फिल्म 'चांद मेरा दिल' 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।फिल्म का निर्देशन विवेक सोनी ने किया है और करण जौहर के बैनर धर्मा प्रोडक्शंस के तहत इसका निर्माण किया गया है।फिल्म निर्माताओं ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए यह खबर साझा की।कैप्शन में लिखा था, पेश है एक ऐसी प्रेम कहानी जहां... जिंदगी प्यार से भी तेज रफ्तार से भागती है। 'चांद मेरा दिल' सिनेमाघरों में 22 मई, 2026 को रिलीज होगी।लक्ष्य और अनन्या ने भी आगामी फिल्म के पोस्टर अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किए।

# 'मैं वापस आऊंगा' बंटवारे और किशोरावस्था की कोमल यादों का पिटारा है : इम्तियाज

नई दिल्ली/भाषा

मृत्युशय्या पर पड़ी एक बुजुर्ग महिला के जेहन में खौफनाक सन्नाटा है, सारी यादें उसका साथ छोड़ चुकी हैं। लेकिन इस घड़ी में भी उसे केवल एक चीज याद है: उसकी गुड़िया। शायद वो उस गुड़िया को अपने घर में छोड़ आयी थी जो अब पाकिस्तान में है।एक बूढ़े आदमी को केवल अपनी किशोरावस्था के अधूरे प्यार की याद है। इन छोटी-छोटी कहानियों ने निर्देशक इम्तियाज़ अली को देश के विभाजन पर आधारित फिल्म मैं वापस आऊंगा को बुनने में मदद की।अली ने 'पीटीआई-भाषा' को अपनी नई फिल्म के बारे में बताया, अगर मेरे पास विभाजन पर कहने के लिए कुछ अनूठा न होता, तो मैं कभी भी इस विषय पर फिल्म नहीं बनाना चाहता। मैं किसी घटना की रिपोर्टिंग नहीं करना चाहता।फिल्म में उन्होंने अपने अमर सिंह चमकीला के अभिनेता दिलजीत दोसांझ, लंबे समय से सहयोगी रहे संगीतकार ए आर रहमान और गीतकार इरशाद कामिल के साथ फिर से काम किया है।

यह 1947 की कहानी है, लेकिन आज के युवाओं के नजरिए से बयां की गई है। अली ने कहा कि इस लिहाज से यह न सिर्फ एक व्यक्ति की, बल्कि एक राष्ट्र की भी कहानी है। अली ने कहा, जब युद्ध में हार या जीत मिलती है, तो क्या शेष रह जाता है? उस व्यक्ति के मन में क्या शेष रहेगा जो 1947 में हुई घटनाओं में कुछ बदलाव किए बिना इस दुनिया को अलविदा नहीं कह सकता?



अली ने कहा कि व्यापक स्तर पर देखा जाए तो विस्थापन पूरी दुनिया के लिए इस सदी की सबसे महत्वपूर्ण घटना है। उन्होंने कहा कि भारतीय उपमहाद्वीप में अब तक की सबसे महत्वपूर्ण घटना विभाजन है। उन्होंने कहा, लेकिन 78 साल बाद, जब बहुत सी बातें याद नहीं रह गई हों, तो जो बात सबसे गहराई से याद रहती है, वह है किशोरावस्था की कोमलता और वो रोमांस जिसमें हम 1947 में जाने पर लौट जाते हैं। इसलिए यह एक ऐसी ही कहानी है।

विभाजन की कहानियों में उनकी रुचि शायद सआदत हसन मंटो, इस्मत चुगताई और कुर्रतुलैन हैदर जैसे लेखकों की रचनाओं से शुरू हुई। यह रुचि उनकी फिल्मों जब वी मेट, लव आज कल, हाईवे, रॉकस्टार और उनकी आखिरी हिट फिल्म अमर सिंह चमकीला के लिए पंजाब, हिमाचल और दिल्ली की व्यापक यात्राओं के दौरान और भी बढ़ी। इसी दौरान, उन्हें विभाजन के समय विस्थापित हुए लोगों से मिलने और उनकी कहानियां सुनने का मौका मिला। अली ने कहा, उनमें से एक कहानी एक बुजुर्ग महिला के बारे में है जो अपनी मृत्युशय्या पर पड़ी है, उसकी याददाश्त चली गई है और जल्द ही दुनिया को अलविदा कहने वाली है। विभाजन को 78 साल बीत चुके है। और वह बस हर किसी से यही पूछती है – क्या तुमने गुड़िया को संदूक में रख दिया है? फिल्मकार को ये व्यक्तिगत किस्से बेहद महत्वपूर्ण, मानवीय और मनोरंजक लगे। फिल्म में अभिनेता वेदांग रैना और शरवरी ने युवा प्रेमी जोड़े की भूमिका निभाई है जबकि नसीरुद्दीन शाह, दोसांझ के दादा की भूमिका में अपने अतीत के प्यार को याद करते हैं।

मैं वापस आऊंगा में दोसांझ को रहमान का गीत क्या कमाल है गाते भी दर्शाया गया है, जिसे वह चमकीला में रुपहले परदे पर नहीं उतार सके थे, जो दिवंगत पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की एक बायोपिक है। अली ने कहा कि कहानी लिखते समय उनके मन में दोसांझ का ख्याल तुरंत नहीं आया, लेकिन बाद में उन्हें एहसास हुआ कि इस किरदार को निभाने के लिए अभिनेता-गायक (दोसांझ) से बेहतर कोई नहीं हो सकता। शाह ने चमकीला देखने के बाद इस परियोजना से जुड़ने का फैसला किया और उन्हें यह फिल्म काफी पसंद आई।

अली ने कहा, नसीरुद्दीन शाह जैसा कोई अभिनेता नहीं है। और मुझे उन्हें एक सिख, पगड़ीधारी सिख की भूमिका में देखने का मौका मिलने से बहुत खुशी हुई, क्योंकि मुझे याद नहीं कि उन्होंने कभी ऐसी भूमिका निभाई हो।

# कम्फर्ट और पर्सनैलिटी ही मेरे लिए फैशन : सहर बंबा

मुंबई/एजेन्सी



आर्यन खान के सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में लीड रोल निभाने वाली एक्ट्रेस सहर बंबा ने कहा कि वह इंटरनेट पर फैशन और खुद को फैशन एक्सपर्ट बताने वालों के साथ ही ट्रोलर्स का भी बिल्कुल प्रेशर नहीं लेतीं। एक फैशन इवेंट के एडिशन में शिवानी निरुपम के लिए शो स्टॉपर के रूप में रैंप वॉक करती हुई सहर बंबा नजर आईं, जहां उन्होंने आईएएनएस से खास बातचीत में अपने विचार साझा किए। वह फैशन के प्रेशर से कैसे निपटती हैं? इस सवाल के जवाब में सहर ने कहा, अगर आप हर बार घर से निकलते समय यह सोचते रहेंगे कि मेरे ड्रेस सेंस या फैशन को देखकर कोई कुछ लिख देगा या ट्रोल करेगा, तो आप खुद पर बेवजह बहुत ज्यादा प्रेशर डाल रहे हैं। यह सच्चाई है कि लोग कमेंट करते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि इंसान को बस साफ-सुथरा और प्रेजेंटेबल दिखना चाहिए। मैं खुद इस बात का बिल्कुल भी प्रेशर नहीं लेती। ब्रांडेड कपड़ों पर खर्च करने के बारे में पूछे जाने पर सहर बंबा ने बताया, मैं बिल्कुल भी ब्रांड कॉन्शस नहीं हूं। जब मुझे कोई चीज पसंद आ जाती है, खासकर छुट्टियों या सफर के दौरान, तो मैं उसे खरीद लेती हूं। जो दिल को अच्छा लगे, वही मेरे लिए फैशन है। मेरी पसंद ऐसी ही है।अपने फैशन स्टाइल के बारे में उन्होंने बताया, मेरे लिए फैशन का मतलब है कम्फर्ट। वो कपड़े जो मेरी पर्सनैलिटी का हिस्सा हों और जिनमें मुझे बहुत ज्यादा मेहनत न करनी पड़े। फैशन वो नहीं होना चाहिए जिसके लिए आपको रोजाना परेशान होना पड़े।रैंप वॉक से पहले बैकस्टेज के अनुभव पर बात करते हुए सहर ने कहा कि वह शुरू में बहुत नर्वस थीं। उन्होंने बताया, मैं ज्यादातर बैकस्टेज ही रहती हूं, लेकिन जैसे ही रैंप पर कदम रखती हूं और म्यूजिक बजता है, मुझे अच्छा महसूस होने लगता है। इस बार का कलेक्शन बहुत खूबसूरत है। गर्मियों का कलेक्शन होने की वजह से इसमें हल्के और सुंदर रंग हैं। मुझे अपना आउटफिट बहुत पसंद आया।



# आरआर नगर में तेरापंथ महिलाओं ने मनाया गणगौर उत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल, राजराजेश्वरीनगर द्वारा सोमवार को गणगौर उत्सव का आयोजन किया गया। अध्यक्ष मंजू बोथरा ने सभी का स्वागत करते हुए गणगौर उत्सव की सांस्कृतिक महत्ता एवं उसकी परंपराओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर गणगौर के पारंपरिक गीतों की भक्तिमय संगीतमय प्रस्तुतियां हुईं। खुशबू मांडोत, मनीषा पारख, सपना छाजेड़, सविता बैंगनी, कीर्ति भूतोडिया की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट मेहंदी रचाने वाली खुशबू मांडोत, सविता बेंगानी, प्रिया छाजेड़ को पुरस्कृत किया गया। पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता में सुसज्जित 17 सदस्यों ने भाग लिया। 'गणगौर है म्हारी राजस्थान की शान' विषय पर लता बाफना, सुमन पटवारी, हेमलता सुराणा एवं मनिका सेठिया ने अपने विचार प्रस्तुत किए। मंत्री वंदना भंसाली ने गणगौर से संबंधित प्रश्न एवं पहेलियां पूछी। कार्यक्रम में 100 से अधिक सदस्याओं ने भाग लिया। राजस्थानी थीम पर आधारित आकर्षक सजावट की गई। संचालन संयोजिका शारदा बैद एवं सहसंयोजिका प्रिया छाजेड़ ने किया।



# स्वार्थ को छोड़कर, सेवा की भावना से कार्य करें : मुनिश्री पुलकित कुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ मुनिश्री पुलकित कुमारजी का मंगलवार को जयनगर स्थित भिक्षु सदन में पदार्पण हुआ। इस मौके पर श्रावक समाज को संबोधित करते हुए मुनिश्री पुलकित कुमारजी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को सेवा की भावना से कार्य करना चाहिए, स्वार्थ भाव को छोड़कर परमार्थ के लिए समय नियोजित करना चाहिए। मानव सेवा का कार्य ही गुरु दृष्टि एवं गुरु इंगित की आराधना है। इस अवसर पर आचार्य महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल कुंभलगुड़ के प्रमुख मदनलाल बोराणा ने स्कूल प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी। मंत्री प्रेमचंद चावत ने मुनिश्री के शहर यात्रा की सराहना की। मारवाड़ कांठा समाज के अध्यक्ष गौतमचंद मुथा ने मुनिश्री के प्रति श्रावक समाज को संगठित करने के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की। तेरापंथ सभा जयनगर के संयोजक अध्यक्ष उदयलाल पोकरणा ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि विश्व नवकार दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को जयनगर जैन मंदिर में मुनिश्री पुलकित कुमार जी के सान्निध्य में नवकार महामंत्र का जाप का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से नवकार जाप में शामिल होने का निवेदन किया। इस अवसर पर दिलीप मांडोत, रोशनलाल कोठारी, दिनेश मांडोत, मनोज डागा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रचार



केरल महिला कांग्रेस प्रेसिडेंट जेबी माथेर मंगलवार को नट्टिका में केरल विधानसभा चुनाव से पहले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (णउफ्र) के उम्मीदवार सुनील लालूर के सपोर्ट में चुनाव कैंपेन के दौरान।

# बांग्लादेश की पहली महिला संसद अध्यक्ष गिरफ्तार

ढाका/भाषा। बांग्लादेश की पूर्व अध्यक्ष शिरीन शरमीन चौधरी को मंगलवार को ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मीडिया में आयी खबरों में यह जानकारी दी गई है। समाचार पत्र 'प्रथम आलो' की खबर के अनुसार, चौधरी को ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की खुफिया शाखा (डीबी) ने लालबाग थाने में दर्ज एक मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया। यह मामला जनआंदोलन के दौरान हुई हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाओं से जुड़ा है। डीबी के एक सूत्र ने बताया कि चौधरी विभिन्न स्थानों पर छिप कर रह रही थीं। अभी वह धनमंडी में एक रिश्तेदार के घर में रह रही थीं, जहां से उन्हें मंगलवार सुबह हिरासत में लिया गया।

'ढाका ट्रिब्यून' के मुताबिक, ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के मीडिया प्रभाग के उपायुक्त एम एन नसीरुद्दीन ने बताया कि चौधरी से फिलहाल पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा, जहां तक हमें जानकारी है, राजधानी के बनानी और उत्तरा थानों में जुलाई आंदोलन के दौरान हुई घटनाओं को लेकर उनके खिलाफ मामले दर्ज हैं। रंगपुर में भी उनके खिलाफ एक मामला दर्ज है।

उपायुक्त ने यह भी कहा कि चौधरी से पूछताछ जारी है और आगे की कार्रवाई बाद में घोषित की जाएगी। चौधरी अप्रैल 2013 से सितंबर 2024 तक बांग्लादेश जातीय संसद की पहली महिला अध्यक्ष रहीं। वह रंगपुर-6 संसदीय क्षेत्र से सांसद चुनी गई थीं।

जुलाई जनआंदोलन में आवामी लीग की सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया गया जिसके बाद पार्टी के कई शीर्ष नेता छिप गए, जबकि कई पूर्व मंत्री और सांसद गिरफ्तार हुए।

## उद्घाटन



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा अजीत पवार ने मंगलवार को मुंबई के सह्याद्री गेस्ट हाउस में वर्ल्ड हेल्थ डे के मौके पर 'मेरा गांव, हेल्दी गांव' कैंपेन का उद्घाटन किया।



## मानवसेवा

बेंगलूरु के जय मारुति टेंपो स्टैंड हंपीनगर एसोसिएशन द्वारा मंगलवार को राम जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महेंद्र मुणोत ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए एवं छाछ, पानका वितरण कार्यक्रम में सेवा प्रदान की। इस मौके पर मुणोत ने कहा कि मैत्री, सद्भावना एवं देशप्रेम का नाम है हिंदू धर्म। हमें गर्व है कि हम हिंदू हैं। आयोजकों ने मुणोत का सम्मान किया।




# मायुमं बेंगलूरु के रक्तदान शिविर में 165 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मारवाड़ी युवा मंच(मायुमं) बेंगलूरु द्वारा नारायणा ब्लड बैंक के सहयोग से वरतूर स्थित कृपानिधि डिग्री कॉलेज में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 165 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। मायुमं के नए अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. बदरुन्निसा एस. ने रक्त दानदाताओं के कार्य की सराहना की। संयोजक शुभम लोहिया ने रक्तदान शिविर की व्यवस्था संभाली। सचिव सीए विनोद गर्ग ने उनके कार्यकाल वर्ष 2026-27 के प्रथम रक्तदान शिविर आयोजन में सहयोग देने वाले सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया तथा कृपानिधि कॉलेज व नारायणा हेल्थ ग्रुप का आभार जताया।

# कर्नाटक सरकार ने किशोरियों के गर्भधारण के सभी मामलों का ऑडिट अनिवार्य किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक सरकार ने किशोरियों के गर्भधारण के सभी मामलों का ऑडिट अनिवार्य करने का आदेश मंगलवार को जारी किया, जिसका उद्देश्य 10 से 18 साल तक की लड़कियों के गर्भधारण के अंतर्निहित कारणों को व्यवस्थित रूप से पता लगाना, समीक्षा करना और उनका समाधान करना है। इस आदेश के तहत राज्य में 10 से 18 वर्ष तक की लड़कियों के गर्भधारण का तालुक स्वास्थ्य अधिकारी (टीएचओ) द्वारा ऑडिट अनिवार्य किया गया है। इस कदम का उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण विभागों के समग्र प्रयासों से ऐसे मामलों की प्रारंभिक पहचान, परामर्श और निवारक उपायों को मजबूत करना है तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) और राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) जैसे मौजूदा कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाना है।

आदेश में कहा गया है, किशोरावस्था में गर्भधारण महत्वपूर्ण जन स्वास्थ्य और सामाजिक चिंता का विषय बना हुआ है तथा उसका मातृ स्वास्थ्य, नवजात शिशु के स्वास्थ्य परिणाम और सामाजिक-आर्थिक विकास पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इसमें यह भी बताया गया है कि 10 से 18 वर्ष तक की लड़कियों के गर्भधारण से मातृत्व जटिलताएं एवं प्रतिकूल प्रसव परिणाम सामने आते हैं तथा किशोरियों के स्कूल छोड़ने एवं सामाजिक रूप से असुरक्षा बोध का खतरा बढ़ जाता है। आदेश के अनुसार, राज्य में किशोरियों के गर्भधारण के सभी मामलों की सूचना सरकारी और निजी स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) मंच पर अनिवार्य रूप से दी जानी चाहिए। 'ऑडिट ढांचा' के तहत विवाह की आयु, शैक्षिक स्थिति, प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, गर्भनिरोधक उपायों की सुलभता और पारिवारिक कमजोरियों समेत कई सामाजिक-चिकित्सा कारकों की जांच की जायेगी। सरकार ने निर्देश दिया कि स्नेहा केंद्रों समेत विभिन्न माध्यम से दी जाने वाली परामर्श सेवाओं, गर्भनिरोधक उपायों की सुलभता और स्कूल छोड़ने वाले किशोरियों, प्रवासियों और सामाजिक रूप से वंचित परिवारों जैसे कमजोर किशोर समूहों तक लक्षित पहुंच को मजबूत किया जाना चाहिए।

## पाठक विचार मंच

### हिन्दी भाषा नहीं, अपितु भारत की आत्मा है

हिंदी भारत की सबसे प्रमुख संपर्क भाषा, राष्ट्रीय अस्मिता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है, जिसे देश की 43 प्रतिशत से अधिक आबादी बोलती है। यह शिक्षा, प्रशासन, बॉलीवुड, मीडिया और डिजिटल संचार में एक प्रमुख भाषा के रूप में भारतीय संस्कृति को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाती है। यह ज्ञान-विज्ञान की अभिव्यक्ति का माध्यम भी है। हिंदी पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोती है, जो हिंदी भाषी और गैर-हिंदीभाषी राज्यों के बीच संवाद का एक मुख्य जरिया है। हिंदी हमारी समृद्ध संस्कृति, संस्कारों और परंपराओं की संवाहक है। इंटरनेट पर हिंदी सामग्री (कंटेंट) में 94 प्रतिशत की तेजी से वृद्धि हो रही है, जो अंग्रेजी से कहीं ज्यादा है। बॉलीवुड और मीडिया के कारण इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। भारत में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा होने के साथ-साथ यह दुनिया की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है, जो वैश्विक स्तर पर भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देती है। हिंदी महज एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की 'आत्मा' है, जो प्राचीन और आधुनिक के बीच एक सेतु का काम करती है।

प्राचार्य उमेश पुरोहित, सदस्य,
हिंदी सलाहकार समिति, हुब्बल्ली-धारवाड़।



# जयमल संस्कार शिविर में बच्चों ने जाना 'भगवान, भोजन, भाषा और भेष' के बारे में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। आचार्यश्री पार्श्वचंद्रजी व डॉ पदमचंद्र जी की प्रेरणा से अखिल भारतीय श्वेतांबर स्थानकवासी जयमल जैन श्रावक संघ के अंतर्गत जय पार्श्व पद्मोदय जैन इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन की ओर से जेपीपी जैन महिला फाउंडेशन अलसूर द्वारा आयोजित जैन संस्कार शिविर समणी सुगमनिधिजी के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ।

समणी सुगमनिधि जी ने बच्चों को 'भगवान, भोजन, भाषा और भेष' इन चार महत्वपूर्ण मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। शिविर के दौरान पब्लिक स्पीकिंग, मेमोरी मैजिक, एबाकस, खेलकूद एवं आदि विषयों की कक्षाएं लगाई गई। शिविर में अतिथि के रूप में रेवंतमल नाहर, शांतिलाल जैन, प्रकाश मकाना, कमलचंद जैन, सरोज नाहर, प्रभा जैन, जय प्रकाश मकाना, अभय कुमार बांठिया एवं गौतमचंद छाजेड़ उपस्थित थे। आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान किया गया।



# कम होती जन्म-दर और बढ़ती मृत्यु-दर जैन समाज के लिए खतरनाक : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

## जैन समाज की घटती जनसंख्या पर आचार्यश्री ने जताई चिंता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। स्थानीय केशवापुर स्थित वासुपूज्य नूतन भवन में मंगलवार को श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि जैन समाज में निरंतर कम होती जन्म-दर और बढ़ती जा रही मृत्यु-दर भविष्य के लिए खतरनाक संकेत हैं। यदि यही स्थिति जारी रही तो आने वाले 180 वर्षों में जैन समाज पूरी तरह समाप्ति के कगार पर पहुंच जाएगा। वर्तमान विश्व में पारसियों की जनसंख्या मात्र एक लाख उनहत्तर हजार बची हैं। कभी फारस देश ईरान से भारत आयी यह जाति लाखों की संख्या में थी। अपार ज्ञान, वैभव और समृद्धि के बावजूद पीढ़ी दर पीढ़ी अपनी जन्मदर कम करके पारसी अपने अस्तित्व के आखिरी दौर से गुजर रहे हैं। भारत के अल्पसंख्यक और समाज कल्याण विभाग की रिपोर्ट के अनुसार आने वाले पच्चीस वर्षों में ये पूरी तरह समाप्त हो जाएंगे। इसके बाद जैन समाज का क्रम आएगा। दुनिया से मिटने वाली वह दूसरी जाति होगी। 'हम दो हमारे एक की' भ्रामक व मूर्खतापूर्ण परिपाटी ने जैन समाज के सामने यह विकट स्थिति खड़ी कर दी है। इतिहास में ऐसा पहली बार होगा कि जैन खोजने पर भी कहीं नहीं मिलेगा। अस्तित्व का यह संक्रमणकाल समाज के लिये दुर्भाग्यपूर्ण हैं। अब सिर्फ सामूहिक क्रांतिकारी परिवर्तन ही समाज को नामशेष होने से बचा जा सकता है।

आचार्य विमलसागरसूरीश्वर ने कहा कि दुनिया में सब जगह बुद्धि, ज्ञान, धन या सत्ता के प्रभाव से काम नहीं चलता। अस्तित्व की रक्षा और स्वाभिमान से जीने के लिए जनसंख्या का बल बहुत महत्वपूर्ण होता है। कॉस्मोपॉलिटीन समाज में मत्सगलागल न्याय का सिद्धांत काम करता है।

बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाती है।

बड़ा समाज छोटे समाज को निगल जाता है। संख्याबल के कम होने के बाद न्याय, नीति, मानवता और आपकी अच्छाइयों की कोई कीमत नहीं होती। भीड़ का बहुमत ही वहां न्याय-नीति का निर्धारण करता है। इस मौके पर राज्य के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने जैनाचार्य से आशीर्वाद लेकर सुरक्षा के विषय में चर्चा की। राज्य के समाज कल्याण मंत्री महादेवप्पा ने भी आशीर्वाद ग्रहण कर कृतज्ञता ज्ञापित की। इस अवसर पर स्थानीय विधायक प्रसाद अभय्या और अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।




# नवकार दिवस की तैयारियां को लेकर आयोजित हुई महत्वपूर्ण बैठक

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन(जीतो) नॉर्थ द्वारा गुरुवार को आयोजित होने वाले नवकार दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्ष विमल कटारिया ने कहा कि नवकार दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज की एकजुटता, आस्था और शक्ति का विराट उत्सव है, जिसे इस वर्ष ऐतिहासिक ऊंचाइयों तक ले जाने का हमारा संकल्प है। महामंत्री विजय सिंघवी ने कहा कि हमारी प्राथमिकता इस आयोजन को सुव्यवस्थित, अनुशासित और प्रेरणादायी बनाना है। बैठक में आयोजन से जुड़े प्रत्येक विभाग के कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इस बैठक में जीतो विंग, महिला विंग एवं यूथ विंग के सदस्यों ने भाग लिया और जिम्मेदारियों के निर्वहन का संकल्प दोहराया। बैठक में प्रमुख रूप से संयोजक प्रवीण चौहान, सहसंयोजक सुनील लोढ़ा सहित महिला विंग की अध्यक्ष लक्ष्मी बाफना, मंत्री रक्षा छाजेड़, यूथ विंग से चेयरमैन अनीश भोजानी, मंत्री आशीष टपरावत आदि उपस्थित थे।

# पश्चिम एशिया संघर्ष 'नए उपनिवेशवाद' की वापसी का संकेत: उदय कोटक

मुंबई/भाषा। ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले से भड़का पश्चिम एशिया संकट दुनिया में 'उपनिवेशवाद' की वापसी का संकेत है। दिग्गज बैंकर और कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक उदय कोटक ने मंगलवार को वैश्विक घटनाक्रमों का हवाला देते हुए यह बात कही। कोटक ने मुंबई में उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर हम एक ऐसे मोड़ पर खड़े हैं, जिसे वह 'वैश्विक उपनिवेशवाद की वापसी' मानते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि फिक्की ने 1927 से 1947 तक इसी तरह की स्थिति के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी और 2026 में हम फिर से वैसे ही मुकाम पर हैं।

कोटक ने स्पष्ट किया कि उनकी यह टिप्पणी राजनीतिक नहीं, बल्कि वैश्विक घटनाक्रमों और सार्वजनिक चर्चाओं पर आधारित है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस में दिए गए भाषण का हवाला देते हुए कहा, मैं राजनीति में नहीं पड़ रहा हूं, बस तथ्यों को दोहरा रहा हूं। यह स्पष्ट है कि दुनिया एक ऐसे दौर में प्रवेश कर रही है जहां आर्थिक और रणनीतिक नियंत्रण वैश्विक शक्ति की दिशा तय करेगा।

घरेलू अर्थव्यवस्था पर चर्चा करते हुए कोटक ने कहा कि भारत को अपनी आर्थिक मजबूती के लिए 'मध्यम विनिर्माण' क्षेत्र को सशक्त बनाने को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसमें वे कंपनियां शामिल हैं जो परियोजनाओं में 100 करोड़ रुपए से 1,000 करोड़ रुपए तक का निवेश करती हैं।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com/**RNI No. 58061/93.**